दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करणःटोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 12 | अंक : 153 | टोंक | मंगलवार,28 जनवरी, 2025 | माष, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 4.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


**मौसम** जयपुर

24.0⁰ अधिकतम तापमान | 9.0⁰ न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75,366.17 -824.29 (1.08%) |
| निफ्टी | 22,829.15 -263.05 (1.14%) |

**सर्राफा** सोना/चांदी

| | |
|---|---|
| सोना | 83,220 /10g |
| चांदी | 96,500 /Kg |

### उदयपुर में 76वें गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित

# उत्साह, उमंग और उल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

## राज्यपाल बागडे ने राष्ट्र और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी को भागीदारी निभाने और 'आपणो राजस्थान' को अग्रणी बनाने का आह्वान किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, गणमान्यजन उपस्थित रहे। राज्यपाल ने झंडा फहराने के बाद परेड का निरीक्षण किया और सलामी गारद द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली।

राज्यपाल बागडे ने इस दौरान गणतंत्र दिवस पर अपने उद्बोधन में सभी को राष्ट्र और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में अपनी महती जिम्मेदारी निभाने और 'आपणो राजस्थान' को अग्रणी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ समर्पित करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और सीमाओं पर चौकस प्रहरियों को नमन करते हुए भारत को सशक्त, स्वाभिमानी और समृद्ध राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में सभी के योगदान को महती बताया।

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस महान् संविधान निर्माताओं को याद करने का अवसर है। संविधान निर्माताओं ने विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान हमें सौंपा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। इस पर हमें गर्व है। हमारी सफल प्रजातांत्रिक व्यवस्था ने विश्व के कई देशों को लोकतांत्रिक मार्ग का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने राजस्थान में पिछले एक वर्ष में विभिन्न क्षेत्रों में हुए अभूतपूर्व विकास और कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि एक वर्ष में राजस्थान सरकार आमजन की आकांक्षाओं पर खरी उतरी है। 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के संकल्पों को धरातल पर तेजी से मूर्त रूप दिया जा रहा है।

राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को स्मरण करते हुए कहा कि वह देश में शुचिता और सुशासन के प्रतीक हैं। उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र के रूप में पुनर्स्थापित किया। उनकी देन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से देश के लाखों गांव सड़कों के जरिए विकास की मुख्यधारा में शामिल हुए।



### मुख्यमंत्री शर्मा ने उदयपुर सर्किट हाउस पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार सुबह उदयपुर के सर्किट हाउस पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। साथ ही, उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। शर्मा ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को हवा सिंह के नेतृत्व में महाराणा प्रताप बटालियन की एक कम्पनी की टुकड़ी ने सलामी दी। कार्यक्रम में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव ( मुख्यमंत्री कार्यालय ) शिखर अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### मुख्यमंत्री ने शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को उदयपुर के नगर निगम टाउन हॉल परिसर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया।

इस दौरान उन्होंने यहां विजिटर्स बुक में संदेश लिखते हुए देश की रक्षा में वीरगति को प्राप्त सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।



**संक्षिप्त समाचार**

## मोदी ने ट्रम्प से फोन पर बात की

### अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ लेने के 7 दिन बाद बातचीत; दोनों देशों के रिश्तों पर चर्चा हुई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बात की। ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद दोनों के बीच यह पहली बातचीत है। इस दौरान भारत-अमेरिका के रिश्तों को लेकर चर्चा हुई। मोदी ने सोशल मीडिया ङ्ग पर लिखा-अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बात करके खुशी हुई। उनके ऐतिहासिक दूसरे कार्यकाल के लिए उन्हें बधाई दी। हम पारस्परिक रूप से लाभप्रद और विश्वसनीय साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने लोगों के कल्याण और वैश्विक शांति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे।

**बढ़ता TOON!**




# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कर्तव्य पथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया

## दुनिया ने देखी भारत की ताकत और सांस्कृतिक विरासत की झलक

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत देश ने अपना 76वां गणतंत्र दिवस मनाया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कर्तव्य पथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में देश की सांस्कृतिक समृद्धि और सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया गया. इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो इस वर्ष मुख्य अतिथि रहे. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। परेड की अध्यक्षता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया. देश की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, एकता, समानता, विकास और सैन्य कौशल का अनूठा मिश्रण कर्तव्य पथ पर दिखा।

**76वें गणतंत्र दिवस परेड में सुखोई ने दिखाया जलवा**-भारतीय वायु सेना ने 76वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर फ्लाई-पास्ट प्रस्तुत किया. इस दौरान सुखोई-30 लड़ाकू विमान देखा गया। इस परेड में 40 विमानों ने हिस्सा लिया।





### इंडोनेशिया के जवानों ने परेड निकाली

76वें गणतंत्र दिवस पर इंडोनेशियाई सैन्य अकादमी (अकमिल) और मार्चिंग टुकड़ी के 190 सदस्यीय बैंड दल नजर आया. इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो इस वर्ष मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में भाग ले रहे हैं.



### गणतंत्र दिवस परेड 2025 की शुरुआत 300 कलाकारों के साथ किया गया

गणतंत्र दिवस परेड 2025 की शुरुआत 300 कलाकारों के एक समूह द्वारा स्वदेशी वाद्ययंत्रों के मिश्रण के साथ की गई. संस्कृति मंत्रालय ने वाद्ययंत्रों के इस समूह को एक साथ लाया है जिसमें वायु और ताल वाद्यों का विस्तृत मिश्रण शामिल है.

**कैलाश मानसरोवर यात्रा**

# 5 साल बाद फिर शुरू होगी

### भारत-चीन के बीच डायरेक्ट फ्लाइट भी शुरू होगी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इस साल गर्मी के मौसम से कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही भारत-चीन के बीच डायरेक्ट फ्लाइट्स सर्विस भी शुरू होगी। हालांकि अभी इसकी डेट नहीं आई है।

यह जानकारी सोमवार को विदेश मंत्रालय ने एक बयान में दी। इसमें बताया गया कि यह 2 बड़े फैसले बीजिंग में भारत के विदेश मंत्री विक्रम मिस्त्री और चीनी मंत्री वांग यी के बीच दो दिन की बैठक में लिए गए।

### फ्लाइट सर्विस और यात्रा 2020 से बंद थी

कैलाश मानसरोवर यात्रा और दोनों देशों के बीच फ्लाइट सर्विस 2020 से बंद थी। इसकी वजह दोनों के बीच सीमा विवाद के बाद खराब रिश्ते और कोविड की लहर थी। भारत-चीन के बीच जून 2020 में डोकलाम विवाद हुआ था और 2019 मार्च में कोविड की पहली लहर आई थी।




## सम्पादकीय

# संसदीय समितियों में सहमति की बजाय हो रहा हंगाम, लोकसभा अध्यक्ष को भेजी गई लिखित शिकायत

संसदीय समितियों से अपेक्षा की जाती है कि जिन विधेयकों पर सदन में सहमति न बन पाए, उन पर कानूनी दृष्टि से विचार-विमर्श कर सुझाव पेश करें। कई बार कुछ विधेयकों या कानूनों में संशोधनों पर विपक्ष आपत्ति उठाता और उन्हें संयुक्त संसदीय समिति में विचार की मांग करता है। ऐसा इसीलिए होता है कि संसदीय समितियों की निष्पक्षता पर सबको भरोसा होता है। संवैधानिक भावना यह है कि संसदीय समितियों को सत्तापक्ष के दबदबे से दूर रखा जाए, ताकि विचार के लिए आए विषयों पर तार्किक और निष्पक्ष ढंग से विचार हो सके। मगर पिछले कुछ समय से जिस तरह संयुक्त संसदीय समितियों में हंगामे देखे गए हैं, उससे उनकी प्रासंगिकता पर ही सवाल उठने लगे हैं। वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति में एक बार फिर हंगामा हुआ और उसके अध्यक्ष ने दस विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया। विपक्षी सांसदों का आरोप था कि अध्यक्ष सरकार के इशारों पर काम कर रहे हैं और वे विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं देना चाहते। इसकी लिखित शिकायत भी उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को भेजी है। दरअसल, सरकार ने वक्फ कानूनों में संशोधन का विधेयक तैयार किया है। उसके मुताबिक वक्फ के फैसलों को भी अदालत में चुनौती दी जा सकती है। फिर, कोई भी ऐसी जमीन, जिसे दान में नहीं दिया गया है और वहां मस्जिद या अन्य इबादतगाह बनाई गई है, तो उसे अवैध कब्जा माना जाएगा। दरअसल, इस संशोधन को लेकर मुसलिम धर्मगुरुओं, नेताओं और विपक्ष ने आशंका जाहिर की थी कि सरकार नए संशोधन कानून के जरिए वक्फ की संपत्ति पर कब्जा करना चाहती है। इसलिए सदन में बिना बहस के ही सरकार ने उस विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष विचार के लिए भेज दिया था। समिति को अपने सुझाव बजट सत्र में पेश करना है। मगर जिस तरह समिति की बैठकें हंगामे की भेंट चढ़ती रही हैं, उससे नहीं लगता कि कोई सर्वमान्य फैसला हो पाएगा। इस संशोधन विधेयक के खिलाफ कई मुसलिम संगठन भी संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष विरोध जता चुके हैं। किसी संयुक्त संसदीय समिति में जब भी अध्यक्ष सत्तापक्ष का होता है, तो ऐसे विवाद की गुंजाइश बनी ही रहती है। वक्फ कानून वैसे भी संवेदनशील विषय है, इसलिए अगर इस पर राजनीतिक नफे-नुकसान के मद्देनजर विचार रखे जाएंगे, तो उनके निष्पक्ष रहने का दावा नहीं किया जा सकता।

सरकार के पिछले कार्यकाल के वक्त भी संसदीय समितियों के गठन और उनके अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर खासा विवाद उठा था। जिन समितियों के अध्यक्ष पद पर सत्तापक्ष के किसी सांसद को नहीं नियुक्त किया जाना चाहिए, उन पर भी सत्तापक्ष काबिज हो गया था। तब भी संसदीय समितियों की प्रासंगिकता पर सावल उठे थे। संयुक्त संसदीय समिति में हर दल और पक्ष के लोग रखे ही इसलिए जाते हैं, कि वहां किसी विवादित विषय पर हर कोण से विचार-विमर्श हो सके और एक सर्वमान्य, सर्वहितकारी कानून बनाया जा सके। मगर शायद यह मकसद अब गौण मान लिया गया है और इन समितियों को भी राजनीतिक रस्साकशी का मंच बना दिया गया है।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 28 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- रूस में रोमानोफ परिवार के तीसरे नरेश पीटर महान का 53 वर्ष की आयु में 1725 में निधन हुआ।
- जर्मनी के एक बिजनेसमैन फ्रेडरिक अल्बर्ट विंडसर ने लंदन की सड़क पॉल मॉल स्ट्रीट पर 28 जनवरी, 1807 को दुनिया की सबसे पहली गैस लाइटें जलाई थी।
- युनाइटेड किंगडम में 1813 में पहली बार च्प्राइड एंड प्रेजुडिसज् किताब का प्रकाशन हुआ।
- सर स्टैमफोर्ड रैफल्स ने 1819 में सिंगापुर की खोज की।
- पश्चिम बंगाल में कलकत्ता मेडिकल कॉलेज की 1835 में शुरु हुआ।
- ब्रिटिश सेना ने 1846 में अलीवाल के युद्ध में रंजोध सिंह की सेना को हराया।
- युनाइटेड स्टेट्स में प्रकाशित होने वाला पहला दैनिक समाचारपत्र च्येल डेली न्यूज़ज् 1878 में बना।
- पहला टेलीफोन एक्सचेंज अमेरिका के न्यू हेवन में 1878 में बना।
- फ्रांस की राजधानी पेरिस में एफिल टॉवर का काम 1887 में शुरू।
- जापानी सेना ने शंघाई (चीन) पर 1932 में कब्ज़ा किया।
- चौधरी रहमत अली ख़ाँ ने 1933 में मुस्लिम लीग की मांग के तहत बनने वाले अलग राष्ट्र के लिए पाकिस्तान का नाम सुझाया।
- आइसलैंड में गर्भपात को 1935 में क़ानूनी स्वीकृति देने वाला पहला देश बना।
- लीबिया के बेंगाजी पर जर्मनी की सेना ने 1942 में कब्जा किया।
- एडोल्फ हिटलर ने 1943 में  के सभी युवकों को फ़ौज में जबरन भर्ती का आदेश दिया।
- न्यायाधीश हीरालाल कानिया ने 1950 में उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद सम्भाला।
- एचएमटी घड़ियों की पहली फैक्ट्री 1961 में बेंगलुरु में शुरू की गयी।
- अमेरिकी अंतरिक्ष यान 1962 में चांद पर पहुँचने में असफल रहा।
- 28 जनवरी, साल 1986 को अमेरिका का अंतिरक्षयान चैलेंजर हादसे का शिकार हो गया। इस हादसे में अंतरिक्ष में सवार 7 अंतरिक्ष यात्रियों की जान चली गई। आपको बता दें के अंतरिक्षयान चैलेंजर के फ्लोरिडा से उड़ान भरने के 73 सेकेंड के अंदर बिस्फोट होने की वजह से यह दर्दनाक हादसा हुआ।
- 28 जनवरी, 1990 को रोमानिया में प्रदर्शन की आग भड़क उठी, सत्ता परिवर्तन की मांग को लेकर इस दिन बड़ा प्रदर्शन किया गया।
- चेचेन्या के विद्रोही नेता जनरल असलन मस्कादेपू काकेशियाई गणराज्य के राष्ट्रपति 1997 में चुने गये।
- भारत के पूर्व प्रधानमंत्री च्राजीव गांधी हत्याकांडज् में 26 अभियुक्तों को 1998 में मृत्युदंड दिया गया।
- भारत में पहली बार 28 जनवरी, साल 1999 को संरक्षित भ्रूण से मेमने का जन्म हुआ।
- भारत ने 28 जनवरी साल 2000 को अंडर-19 के युवा वर्ल्डकप क्रिकेट के फाइनल में श्री लंका को बुरी तरह हराया।
- 28 जनवरी साल 2002 में खराब मौसम की वजह से विमान हादसा हो गया। एक्वाडोर का एक विमान नेवादो डी कंबेल ज्वालामुखी की ढलान पर गिर गया, जिससे करीब 92 लोगों जान चली गई।

## विशेष आलेख

# काश माल-ए-मुफ्त, दिल-ए-बेरहम से इतर दिल्ली की भी बात होती..!

**1998 के चुनाव में भाजपा ने सुषमा स्वराज को तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को आगे किया। कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल, मेट्रो रेल का विस्तार, डीजल की जगह सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा और हरियाली पर खास ध्यान सहित दूसरे काम उनकी पहचान बने। 1998 से 2013 तक तीन बार लगातार दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस और शीला दीक्षित काबिज रहीं। इस बीच 2011 में जन लोकपाल विधेयक की मांग पर दिल्ली में अन्ना आंदोलन हुआ। अप्रेल में 5 दिन का आमरण अनशन और दोबारा 16 अगस्त से फिर अनशन बैठते ही देश भर में आन्दोलनों की दस्तक हुई। आखिर संसद में बिल पास हुआ और देखते-देखते अरविन्द केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी और कई चेहरे भारतीय राजनीति के नए हीरो बन गए।**



– ऋतुपर्ण दवे

दरअसल दिल्ली विधानसभा चुनाव, गठन के बाद से ही बेहद अलग, दिलचस्प और इतर राजनीतिक पहचान को लेकर चर्चित रहे हैं। यह सही है कि मौजूदा सरकार के सुप्रीमों केजरीवाल जैसी मुफ्त की रेवड़ियों का वादा सभी पार्टियां और राज्य न केवल करने लगे हैं बल्कि पूरा भी करते हैं। ऐसे में इस बार के चुनाव वाकई दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू जैसे होंगे। इतना है कि इस बार मुकाबला न केवल कांटे का बल्कि त्रिकोणीय सा बनता जा रहा है। लेकिन यह भी सच है कि सरकार किसी की बने लुभावनी योजनाओं का अंबार होगा। इससे दिल्ली की कितनी तकदीर बदलेगी यही देखने लायक होगा। दिल्ली का चुनावी सफर भी दिलचस्प है। 1952 में पहली बार राज्य विधानसभा का गठन हुआ तब 48 सीटें थीं। कांग्रेस ने 36 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की। 34 वर्ष के चौधरी ब्रम्ह प्रकाश मुख्यमंत्री बने जो नेहरू जी की पसंद थे। दरअसल कांग्रेस देशबंधु गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही थी लेकिन एक हादसे में उनकी मृत्यु के चलते ब्रम्ह प्रकाश एक्सीडेण्टल मुख्यमंत्री बने। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले रेवाड़ी के निवासी ब्रम्ह प्रकाश कभी भी मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहे। बिना तामझाम काम करते और जनसाधारण के बीच रहते। 1955 में कांग्रेस ने गुरमुख निहाल सिंह को मुख्यमंत्री बनाया जो 1956 तक रहे। राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिशों के चलते साल भर बाद दिल्ली विधानसभा भंग हुई। 1966 में इसकी जगह मेट्रोपोलिटन काउंसिल बनी। इसमें 56 निर्वाचित और पांच मनोनीत सदस्यों का प्रावधान था। लेकिन 1991 में 69वें संविधान संशोधन के जरिए दिल्ली विधानसभा की व्यवस्था हुई और 1992 में परिसीमन और 1993 में चुनाव हुए।

1993 में भाजपा बहुमत में आई। मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री बने और 1956 के बाद दिल्ली को कोई मुख्यमंत्री मिला। लेकिन 5 साल में 3 मुख्यमंत्री बदले गए। खुराना को घोटाले के आरोपों के चलते कुर्सी छोड़नी पड़ी फिर साहिब सिंह वर्मा आए और महंगाई के मुद्दे पर ऐसे घिरे कि उन्हें भी इस्तीफा देना पड़ा। इनके बाद सुषमा स्वराज को कमान मिली जो महज 52 दिन मुख्यमंत्री रहीं।

आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वर्षों से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों में भाजपा ने 32 जीती फिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामियाब रही और अन्ना आन्दोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने। कहते हैं राजनीति शह-मात का खेल है। आप और कांग्रेस की नहीं निभी। आखिर 49 दिन में सरकार गिर गई और राष्ट्रपति शासन लग गया। 2015 में फिर चुनाव हुए। इसमें दिल वालों की दिल्ली ने केजरीवाल पर अपनी उम्मीदों की बख्शीस खूब लुटाई। 70 में से 67 रिकॉर्ड सीटें जीतकर केजरीवाल भारतीय राजनीति के नए सितारे बन गए। भाजपा केवल 3 सीटें तो कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई। केजरीवाल भी अपनी तमाम घोषणाओं पर अमल करते रहे। नतीजन 2020 में एक बार आम फिर आदमी पार्टी ने 62 सीटें तो भाजपा 8 से आगे नहीं बढ़ पाई। कांग्रेस शून्य पर ही रही। लुभावनी योजनाओं का असर दिखा। आप को फिर बहुमत मिला और केजरीवाल मुख्यमंत्री बने। इसके बाद विवादों में घिरे, जेल गए और मुख्यमंत्री पद छोड़ा। अब दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भले हैं लेकिन पार्टी सुप्रीमो केजरीवाल ही हैं।

बेहतरीन सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, महिलाओं को मुफ्त बस सुविधा, 200 यूनिट बिजली फ्री, 20 हजार लीटर मुफ्त पानी, बुजुर्गों का मुफ्त तीर्थ दर्शन जैसी अन्य योजनाओं के साथ नई-नई घोषणाएं करते केजरीवाल तो 1998 से 2013 तक के कार्यकाल को दिल्ली का स्वर्णिम काल बता कांग्रेस असली विकास और उपलब्धियां गिनाते नहीं थकती, आगे तमाम मुफ्त योजनाओं से भी परहेज करते नहीं दिखती। वहीं भाजपा मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की तर्ज पर महिलाओं को हर महीने धनराशि देने, मौजूदा योजनाओं को न केवल जारी रखने बल्कि उसमें बढ़ोत्तरी करने जैसा संकल्प यानी एक से एक लुभावनी घोषणाओं का पिटारा खोल आम आदमी पार्टी को चुनौती देने में कोई कसर छोड़ते नहीं दिखती।

मुफ्त की रेवड़ियों, लोक-लुभावन घोषणाओं के बीच दिल्ली का प्रदूषण, यमुना की गंदगी, बदहाल सड़कें, बरसात में डूबते पुल-पुलिया, पीने के पानी की किल्लत, बढ़ते अपराध और इन सबसे ऊपर दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा जैसे अहम मुद्दे काफी पीछे छूट गए हैं। काश! एक करोड़ की आबादी खातिर मौजूदा संसाधनों वाली दिल्ली में तीन करोड़ लोग कैसे रहते हैं को देखने, सुनने वाले जैसे आम आदमी के मुद्दों की भी बात होती! लेकिन फिलाहाल माल-ए-मुफ्त, दिल-ए-बेरहम की तर्ज पर मतदाताओं को लुभाने में कोई पीछे नहीं दिखता। अब दिल्ली की बात कौन करे? देखने लायक होगा कि त्रिकोणीय मुकाबले में कौन किसको कितना नुकसान पहुंचाता है और बाजी जीतता है।

# जम्मू कश्मीर: संवाद, उदारवाद और राष्ट्रवाद पर जोर

**राज्य से केंद्रशासित प्रदेश में परिवर्तित जम्मू-कश्मीर तेजी से बदल रहा है। पिछले साल अक्तूबर में विधानसभा चुनाव के नतीजों से जाहिर है कि नए जम्मू-कश्मीर ने आकार ले लिया है। इस साल जनवरी में जम्मू में नया रेल मंडल बनाकर सुरक्षा तंत्र को सशक्त करने, सोनमर्ग से हर मौसम में संपर्क के लिए सुरंग का शुभारंभ और कटड़ा स्थित माता वैष्णो देवी से बडगाम तक वंदेभारत ट्रेन के सफल ट्रायल ने विकास का संदेश दे दिया है। माता वैष्णो देवी धाम से पहले से ही देश में ट्रेन से कहीं भी आवाजाही की जा सकती है।**



– प्रदीप मिश्र

76वें गणतंत्र दिवस से ठीक एक दिन पहले कश्मीर आखिरकार कन्याकुमारी तक रेल से ही नहीं जुड़ गया, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के कार्यकाल के 100 दिन भी पूरे हुए। अगले कुछ दिनों में औपचारिक उद्घाटन के बाद जम्मू से श्रीनगर तक तीन घंटे में पहुंचा जा सकेगा। आने वाले दिनों में सुखद यात्रा के बाद बर्फबारी के रोमांच और होली के त्योहार पर लोग देश के एकमात्र ट्यूलिप गार्डन का आनंद उठाएंगे। विधानसभा चुनाव में कुल 90 में से कश्मीर से ही 42 सीटें जीत कर दोबारा मुख्यमंत्री बने उमर अब्दुल्ला राज्य के दर्जे की बहाली को लेकर कुछ समय संशय में रहे। शुरू में उन्हें उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अधीनता अखरी। बाद में समझ आया कि जम्मू में अपने दम पर 29 सीटें हासिल करने वाली भाजपा की केंद्र में भी सरकार है। बदले हालात में उन्हें बात-बात के लिए केंद्र पर निर्भर रहना पड़ेगा। केंद्र सरकार के साथ टकराव से उनका नुकसान भले ही कम हो, अवाम की अपेक्षाएं पूरी करने में वह जरूर पिछड़ जाएंगे। जिस कश्मीर ने उमर की पार्टी नेशनल कांफ्रेंस को 42 सीटें दीं, उसकी कश्मकश अगर राज्य के दर्जे की वापसी की है तो जम्मू की जनता की जद्दोजहद जताती है कि 29 विधायक चुनने के कारण ही भाजपा सत्ता से वंचित रह गई है। भाजपा ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। पार्टी के पक्ष में मतदान 26 प्रतिशत तक बढ़ गया। कश्मीर घाटी में भी 19 सीटों पर चुनाव लड़ा पर वहां पर प्रदर्शन कमजोर रहा। पार्टी मानती है कि वह अपने बूते 30-35 सीटें ही जीत सकती है। इससे पहले लोकसभा चुनाव में भी 370 सीटें जीतने का भाजपा का एजेंडा कारगर नहीं रहा। हालात ऐसे बने कि केंद्र सरकार को सीमावर्ती और संवेदनशील राज्य में विकास कार्यों का क्रियान्वन करना था तो उमर सरकार ने अपनी सीमा समझी। साथ ही सब्र के साथ शुरुआत कर दी। सबसे पहले उन्होंने अनुच्छेद 370 की वापसी की चुनावी मांग सियासी ढंग से छोड़ दी। दरबार मूव को फिर से शुरू करने से भी किनारा कर लिया। वैसे भी इस परंपरा की बहाली के लिए शायद ही उन्हें उपराज्यपाल से हर साल 200 करोड़ रुपये खर्च करने की अनुमति मिलती। अब एक महीने में तीन-तीन सौगातों को केंद्र सरकार अपनी उपलब्धि बताते हुए पीठ ठोक रही है। दूसरी ओर इसी बीच उमर ने खुद को कांग्रेस से अलग कर लिया है। इन दिनों उनकी चिंता बजट में केंद्र की कृपा की है। हालांकि प्रदेश में विकास दर 9.5 प्रतिशत होने का दावा किया जा रहा है। 2027 तक जम्मू-कश्मीर में 2000 नए स्टार्टअप शुरू करने की योजना है। दूसरा पहलू यह कि निर्वाचन क्षेत्र विकास निधि की फाइल चुनाव के तीन महीने बाद भी उपराज्यपाल के पास लंबित है। एक मुख्यमंत्री के तौर पर उमर इन स्थितियों में भी राज्य के अध्याय की चर्चा का मौका नहीं छोड़ते हैं। भाजपा जानती है कि केंद्र शासित प्रदेश के लोगों की राज्य का दर्जा बहाल किए जाने की मांग जायज है। इसलिए केंद्र आश्वासन देने में कोताही नहीं बरत रही है।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं हमारी टीम के युवा पत्रकार हैं साथ में इवेंट मैनेजर का कार्य भी करते हैं पर सच कहूं तो हर समय लोगों की मदद के लिए तैयार रहने वाले इस शख्स की अपनी एक अलग पहचान है। 18 मई सन 1997 को अलवर में जन्मे इस युवा ने बचपन से ही संघर्ष के दौर देखे हैं। एमए-बीए तक एज्यूकेशन पूर्ण कर अपने परिवार के पालन में लग गए क्योंकि सन 2016 में सिर से पिता का साया उठ गया जब ये युवक महज 19 वर्ष का था। अपनी बहन और मां को संभाला और अपने परिवार को पालने के लिए कार्य भी किया। आज अपने पाँवों पर खड़ा है और पत्रकारिता के साथ इवेंट का कार्य कर अपने परिवार को संभाल रहा है। ये शख्सियत कैसे हुआ हमारी कॉलम के हिसाब से बस वहीं समझाने का प्रयास कर रहा हूं। कोरोना काल के दौरान अपने दोस्तों की टीम के साथ कच्ची बस्तियों में लोगों को भोजन कराने के लिए निकल पड़ता था। इसके साथी प्रदीप सिंह व अन्य सभी साथी बहुत ही सेवाभावी हैं इसलिए उनके साथ मिलकर लोगों को भोजन कराने सुबह से ही निकल जाता था। मुझे आज भी याद है उस भयावह दौर में जब मैंने इससे कहा कि भाई तू घर में अकेला है तुझे कुछ हो गया तो कौन संभालेगा तो देखिए इस नौजवान ने कहा कि भैया हमारे गुरूग्रंथ साहेब में यहीं पढ़ाया गया है कि हम सामने वाले की सेवा करें तो गुरूजी हमारी रक्षा करेंगे बस वो हैं रक्षा करने के लिए और देखिए पूरे कोरोना काल इस युवा ने अपनी टीम के साथ मिलकर खूब सेवा की। अपना पूरा ख्याल रखने वाले लोग कोविड़ पोजेटिव हो गए लेकिन इसे छींक तक नहीं आने दी। ये श्रद्धा है उस महाशक्ति पर भरोसा है उन गुरूओं पर जिन्होंने धर्म का सच्चा मार्ग बतलाया है। बहुत नेक युवा है हमेशा लोगों की सेवा के लिए तैयार और तत्पर रहता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा



विनय भसीन
(युवा समाजसेवी)

## Suduko 2025_027 – बढ़ता राजस्थान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | | 5 | 3 | 1 | | 4 | 6 |
| | 1 | | | | | | | |
| | | 6 | | | 9 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 9 | | | 8 | 5 | 4 | 7 | |
| 7 | | | | | 3 | 8 | 6 | 9 |
| | 8 | | | 7 | 4 | 3 | 5 | 1 |
| | | | | | 6 | 7 | | |
| 9 | | | 2 | 5 | | 6 | | |
| 5 | 6 | 7 | | 9 | | 2 | 1 | |

Ans_2025_0026

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 8 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 3 | 1 | 9 | 6 |
| 2 | 4 | 3 | 7 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 |
| 1 | 9 | 6 | 2 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 |
| 7 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 9 | 7 | 4 | 6 | 5 | 8 | 3 | 2 | 1 |
| 8 | 2 | 1 | 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 |
| 6 | 3 | 5 | 9 | 2 | 1 | 8 | 4 | 7 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
हाथ में लिए हुए काम समय पर पूरा न होने पर हताशा का अनुभव होगा। कार्य सफलता में थोड़ा विलंब होगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। नए काम की शुरुआत के लिए उचित समय नहीं है। यात्रा में विघ्न आएंगे।

### वृष
आज के दिन आप तन-मन से स्वस्थ रहेंगे। संतान की प्रगति का समाचार मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा समय कहा जा सकता है। किसी पुण्य काम में शामिल होने का अवसर मिल सकता है।

### मिथुन
सपरिवार मांगलिक कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। कहीं घूमने जाने या खासकर किसी तीर्थयात्रा पर जाने की संभावना है। स्वजनों का साथ मिलने से आपको हर्ष होगा। दांपत्य जीवन में निकटता और मधुरता का अनुभव होगा।

### कर्क
आज आप में ताजगी और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। इस कारण आपका काम बिगड़ने की संभावना रहेगी। परिजनों और विरोधियों के साथ वाद-विवाद में पड़ना सही नहीं होगा। बिना कुछ बोले मौन रहकर दिन व्यतीत करना बेहतर रहेगा।

### सिंह
परिवार में भाई-बंधुओं के साथ आत्मीयता और मेल- मिलाप रहेगा। छोटे धार्मिक यात्रा का आयोजन कर सकेंगे। विदेश से अच्छे समाचार मिलने की संभावना है। पारिवारिक कलह- द्वेष का अवसर न आएं, इसका ध्यान रखें।

### कन्या
नए लोगों के प्रति आकर्षण अनुभव करेंगे। सार्वजनिक जीवन में आपको सम्मान मिलेगा और लोकप्रिय बनेंगे। व्यापार में भागीदारी से लाभ होगा। दांपत्य सुख की प्राप्ति होगी। आज के दिन आपको चिंता रहित और खुश रखेगा।

### तुला
आज आप धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। पूजा-पाठ या धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। सगे-संबंधियों तथा परिजनों के साथ संभलकर बोलें, क्योंकि आपकी वाणी से किसी को चोट पहुंच सकती है।

### वृश्चिक
आज के दिन सभी कामों में प्रतिकूलता का अनुभव होगा। स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है। मन चिंताग्रस्त रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ अनबन होने से अशांति रहेगी। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने की संभावना रहेगी।

### धनु
पानी से भय रहेगा। स्थायी संपत्ति, वाहन आदि के कागज पर हस्ताक्षर करने से पहले सावधानी बरतें। वर्तमान समय भाग्यवृद्धि का है। ऐसे में नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन शुभ है। योग्य जगह पर पूंजी निवेश लाभदायक रहेगा।

### मकर
योग साधना और आध्यात्मिकता आज आपको मानसिक शांति प्रदान करेगी। मेहमानों और मित्रों के साथ पार्टी पिकनिक और समूह भोजन का आयोजन करेंगे। नए कपड़े, गहने और वाहन की खरीदारी का योग है।

### कुंभ
पारिवारिक सदस्यों के साथ विशेष समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलेगा। नौकरीपेशा वालों को नौकरी में लाभ होगा। साथी कार्यकर्ताओं का सहयोग मिलेगा। विरोधियों की चाल निष्फल रहेगी।

### मीन
मन में उत्पन्न नकारात्मक विचारों को दूर करें। अनावश्यक धन खर्च न हो, इसका ध्यान रखें। शारीरिक तथा मानसिक अस्वस्थता आपको बेचैन करेगी। आज आपके निर्धारित काम में सफलता और आर्थिक लाभ की संभावना है। समाज में आपका यश बढ़ेगा।

# हर्षोल्लास से मनाया गया 76 वां गणतंत्र दिवस

## जलदाय एवं भू जल मंत्री श्री कन्हैया लाल चौधरी ने किया ध्वजारोहण

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, ( का.स. )।** जिले में 76 वां गणतंत्र दिवस रविवार को बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित किया गया, जहां समारोह के मुख्य अतिथि जलदाय और भू जल विभाग के मंत्री श्री कन्हैया लाल चौधरी ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया।

समारोह में मुख्य अतिथि के परेड निरीक्षण के बाद आरएसी, राजस्थान पुलिस, राजस्थान महिला पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, स्काउट्स एवं गाइड की टुकड़ियां मंच से सलामी लेते हुए गुजरी। आरएसी एवं राजस्थान पुलिस के बैंडों ने राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत धुनें बजाईं। मुख्य अतिथि ने वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही, जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 88 प्रतिभाओं को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया ने राज्यपाल महोदय के संदेश का पठन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक पटल पर भारत की साख बढ़ी है और हर क्षेत्र में हम कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। चहुंमुखी प्रगति के इस वातावरण में हमें और अधिक उर्जा के साथ अपना योगदान देना होगा। इसके लिए हमें स्वच्छता और स्वास्थ्य को अधिक महत्व देने की आवश्यकता है। स्वच्छता से स्वास्थ्य सुदृढ़ होगा और स्वस्थ्य नागरिक ही मजबूत और सशक्त देश का निर्माण कर सकेंगे। राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और फैसलों को धरातल पर उतारकर आमजन तक पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। प्रदेश विकास के नए प्रतिमान तय कर रहा है। सरकार द्वारा संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन के संकल्प के साथ सभी क्षेत्रों में बहुआयामी विकास के लिए योजनाबद्ध कार्य किया जा रहा है।

जनकल्याण राज्य की कल्पना साकार हो रही है। राइजिंग राजस्थान जैसे विकासोन्मुखी कदमों से राजस्थान विकास का नया अध्याय लिखने जा रहा है। समारोह में संत सुधा सागर विद्यालय की छात्राओं ने सामूहिक देश भक्ति नृत्य प्रस्तुत किये। योग ड्रिल टीम एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक व्यायाम प्रदर्शित किया। इसके अलावा केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित झांकियां निकाली गई जिसमें जिला परिषद, चिकित्सा, शिक्षा, वन, पुलिस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास एवं कृषि विभाग की झांकियां शामिल रहीं। पहला पुरस्कार शिक्षा एवं वन विभाग को संयुक्त रूप से मिला। दूसरा स्थान महिला एवं बाल विकास और तीसरा पुरस्कार जिला परिषद (जल ग्रहण विकास भू संरक्षण विभाग) की झांकी को मिला। मंच संचालन कवि प्रदीप पंवार और व्याख्याता कुसुमलता विजयवर्गीय ने किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, सीईओ परशुराम धानका, एसडीएम हुक्मीचंद रोहलानिया समेत जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया 76 वां गणतंत्र दिवस

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । प्रधानाचार्य ने ध्वजारोहण किया। परेड निरीक्षण के साथ तिरंगे को सलामी दी। मां शारदे और विवेकानंद जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय पर्व पर बच्चों ने शारीरिक व्यायाम और अनेक शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया अनेक बच्चों ने देशभक्ति गीत और जोशीले भाषण देकर प्रत्येक व्यक्ति के मन में देशभक्ति की भावना पैदा की और हमारे देशभक्तों ने जो कुर्बानियां दी थी उसको आगे भी व्यर्थ नहीं गंवाने का संकल्प लिया गया ।राष्ट्रीय पर्व पर हमारे शहीदों को याद करना ही पर्याप्त नहीं है उनके द्वारा हमें प्रदान किए गए इस स्वतंत्र भारत को फिर से हम सोने की चिड़िया बनाएं तब उनका बलिदान सार्थक होगा इसके लिए हम सब कटिबंध है और इस मंच से प्रतिज्ञा करें कि हमारा भारत देश पूरे विश्व में फिर से गुरु बने। कार्यक्रम का व्यवस्थित और प्रभावशाली मंच संचालन व्याख्याता विकास गुर्जर एवं रमेश चंद मीणा ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि हरिनारायण गुर्जर, बुधराम मीणा भवानी शंकर मीणा प्रकाश बाबा, सीता देवी , सुशीला देवी एवं व्याख्याता विनोद कुमार शर्मा ललित कुमार बेनीवाल डॉ कमल सिंह कसाना अंकिता राजावत राजवीर चौधरी हनुमान प्रसाद गुर्जर जीशान अहमद मदन मोहन मीणा कुंती शर्मा दिव्यानी शर्मा आरती तिवारी सुदेश बाई पूजा चंदेला सोनू सोनी अमित शर्मा निखिलेश सेन आदि समस्त स्टाफ विद्यार्थी अभिभावक और अतिथि मौजूद रहे ।

## कारागृह का साप्ताहिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम ने जिला कारागृह सवाई माधोपुर का साप्ताहिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने मौके पर उपस्थित जेलर महावीर प्रसाद मीना से बंदियों को प्रदान भोजन, पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बंदियों को प्रदान मूलभूत सुविधाएं एवं कारागृह परिसर की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई, पूर्व निरीक्षण में दिए गए दिशा-निर्देशों की पालना कर बंदियों के सामान्य चिकित्सकीय परामर्श हेतु अलग से रजिस्टर का संधारण किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव द्वारा उपस्थित बंदीजन से जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं, कानूनी प्रतिनिधित्व हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता, उनके संबंधित मुकदमों की ताजा अपडेट आदि के बारे में पूछताछ की गई, साथ ही उनकी समस्याओं को सुना गया। निरीक्षण के दौरान कारागृह में कुल 98 बंदी उपस्थित पाये गए। दौराने निरीक्षण सचिव समीक्षा गौतम द्वारा प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का विजिट कर जेल विजिटिंग लॉयर एवं जेल विजिटिंग अधिकार मित्र द्वारा जेल में विरुद्ध बंदियों को प्रदान नि:शुल्क विधिक सहायता के संबंध में की गई कार्यवाही के बारे में पूछताछ की गई एवं उपस्थित बंदीजन को बंदियो एवं विधि से संघर्षरत किशोरों के कल्याण की योजनाओ, नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100, नालसा पोर्टल आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल (न्याय रक्षक) राधेश्याम जोगी, कंपाउंडर अशोक मीना एवं अन्य कारागृह स्टाफ उपस्थित रहे।

## राजस्व संग्रहण में तेजी लाने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले के राजस्व अर्जन करने वाले पांच विभागों आबकारी, खनिज, परिवहन, वाणिज्यकर एवं उप पंजीयन विभागों के अधिकारियों की बैठक सोमवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने विभिन्न बिन्दुओं पर जिले की प्रगति की समीक्षा कर समस्त अधिकारियों को अद्यतन सूचनाओं के साथ अर्जित राजस्व बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध खनन, निगर्मन, भण्डारण के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी विभाग के अधिकारी को विभाग द्वारा प्राप्त किए गए राजस्व के बारे में जानकारी लेकर लंबित चल रहे राजस्व को संबंधितों से समयानुसार वसूलकर राजस्व को जमा करवाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी पीआर मीना को वाहनों की ओडिट समय पर करवाने, वाहनों की चैकिंग बढ़ाकर कर संग्रहण में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिन वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र एक्पाइर हो गए उन वाहन मालिकों नोटिस भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिज विभाग के अधिकारियों को खनन से संबंधित लंबित प्रकरणों को निस्तारित करने एवं राजस्व प्राप्तियों को राजकीय खजाने में समयानुसार जमा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने वाणिज्यकर विभाग के अधिकारी से जिले में प्रतिवर्ष होने वाली राजस्व आय के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वां, सहायक वाणिज्य कर अधिकारी, तहसीलदार विनोद शर्मा, सहायक खनिज अभियंता सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों व कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें : डॉ. हेमंत शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर सिटी ( राकेश शर्मा )।** कुहू इंटरनेशनल स्कूल, नसिया कॉलोनी में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक, डॉ. हेमंत शर्मा ने ध्वजारोहण किया । उन्होंने कहा, प्रत्येक भारतीय को संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों और कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए, जिससे राष्ट्र की उन्नति में योगदान सुनिश्चित किया जा सके।

इससे पूर्व समारोह की शुरुआत देशभक्ति गीतों और लोकगीतों पर नन्हें-मुन्हें बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों के साथ हुई। विद्यालय के मीडिया चेयरपर्सन, धनेश शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपने हुनर और जोश का परिचय दिया। प्रधानाचार्य डॉ. मिथलेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हमें देश के विकास और समृद्धि में योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा ने विद्यार्थियों को देश के प्रति समर्पित रहने और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का संदेश दिया।

समारोह के दौरान इंग्लिश मीडियम प्रभारी पिंकी त्रिलोकानी और भरत जगवानी के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी और उनके अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कृषि अधिकारियों ने बताए लक्षण, कारण और समाधान

## नज़र आने लगी गेहूं में जिंक की कमी

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में गेहूं की फसल में इन दिनों जिंक की कमी के लक्षण नजर आने लगे हैं। इससे धरतपुत्रों की चिंता बढ़ गई है। यह न केवल फसल की उत्पादकता बल्कि गुणवत्ता को भी प्रभावित कर रही है। जिंक की कमी से पौधों की शारीरिक और जैव रासायनिक प्रक्रियाओं में बाधा उत्पन्न होती है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। गौरतलब है कि जिले में इस बार गेहूं की बुवाई 53 हजार 410 हैक्टेयर में हुई है।

**पत्तियों पर हो जाते हैं धारियां व धब्बे :** जिंक की कमी से गेहूं के पौधों में मुख्यत: बौनापन, पर्णहरित की कमी, पत्तियों पर धारियां और धब्बे तथा देर से परिपक्वता जैसे लक्षण नजर आते हैं। पौधों की वृद्धि बाधित होने से उनकी ऊंचाई सामान्य से कम हो जाती है। पत्तियों का रंग हल्का पीला-हरा हो जाता है। विशेषकर निचली पत्तियों पर भूरे या झुलसे हुए रंग की धारियां और धब्बे बन जाते हैं और फसल की पकने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है।

**मृदा उपचार के लिए यह करना है जरूरी :** समाधान के तौर पर मृदा उपचार, फोलियर स्प्रे, मृदा परीक्षण और सिंचाई प्रबंधन को अपनाया जा सकता है। फसल बोने से पहले 21 प्रतिशत जिंक सल्फेट की 5 किलो मात्रा प्रति बीघा मिट्टी में मिलाने से जिंक की स्थायी उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है। बुवाई के 25 से 30 दिन बाद, 0.5 प्रतिशत जिंक सल्फेट (5 ग्राम जिंक सल्फेट और 2.5 ग्राम बुझा चूना प्रति लीटर पानी) का घोल बनाकर पत्तियों पर छिड़काव कर सकते हैं। फसल बुवाई से पहले मिट्टी की जांच कराकर पोषक तत्वों की स्थिति के अनुसार उर्वरकों का संतुलित उपयोग करना चाहिए। फसल को नियमित सिंचाई करें और जलभराव से बचें।

**इनका कहना है...**

जिले में सर्वे के दौरान गेहूं की फसल में इन दिनों जिंक की कमी के लक्षण नजर आ रहे है। जिंक की कमी होने पर किसान मृदा परीक्षण कराएं, ताकि पोषक तत्वों का समुचित प्रबंधन हो सकें। फसल की उत्पादकता व गुणवत्ता में सुधार हो सके। किसानों को जिंक की कमी के बचाव बताए जा रहे है।

**विजय कुमार जैन, सहायक कृषि अधिकारी, सूरवाल**

## नागरिकता कौशल, संवैधानिक मूल्य, भारत का ज्ञान प्रभाग, कानून के शासन के प्रति सम्मान विषय पर कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**निवाई ( का.स. )।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर नागरिक कौशल,संवैधानिक मूल्य एवं भारत का ज्ञान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में झंडा रोहन कर राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों स्वागत किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्राचार्य देवेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि, विभागीय निर्देशानुसार पीएम श्री विद्यालयों के लिए निर्धारित विभिन्न गतिविधियों में शामिल नागरिक कौशल,संवैधानिक मूल्य एवं भारत का ज्ञान गतिविधि में शामिल कार्यक्रम गतिविधि पर विभिन्न वार्ताओं का आयोजन किया गया ,जिसमें भारत का नागरिक होने के नाते हमारे कर्तव्य विषय पर बोलते हुए वार्ताकार कुमकुम मौर्य ने नागरिक अधिकार और कर्तव्य विषय पर वार्ता प्रस्तुत की जो बहुत ही प्रभावी रही, इसी अवसर पर मॉक चुनाव का योजन किया गया,जिससे विद्यार्थियों को मतदान का व्यवहारिक अनुभव एवं विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों के बारे में सीखने का अवसर मिला,इस गतिविधि को प्रभारी त्रिलोक चन्द जैन ने बड़े ही प्रभावी ढंग से आयोजित कराया, इसी अवसर पर गतिविधि में शामिल निकटतम पुलिस थाने से पुलिस अधिकारी से संपर्क कर कानून की जानकारी विषय पर वार्ता हेतु राजेंद्र सिंह सहायक उप निरीक्षक एवं साईबर कानून के जानकार पराग चौधरी ने बहुत ही प्रभावी वार्ता प्रतुत की , संविधान की प्रस्तावना विषय पर प्राचार्य देवेंद्र पाल सिंह ने विस्तार से चर्चा की ,समापन अवसर पर पुरस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया,कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गीत के साथ किया गया, कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में सभी वार्ताकारों और वार्ता के भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए एक सहभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला स्टाफ एवं विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## आंतरिक शिकायत समितियों के गठन व पुनर्गठन की सूचना शीघ्र भिजवाएं

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 की धारा 4 (1) के अन्तर्गत समस्त जिला स्तरीय एवं उनके अधीनस्थ राजकीय, निजी कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, विद्यालय, महाविद्यालय, चिकित्सा संस्थानों, औद्योगिक ईकाईयां, क्रय-विक्रय सहकारी समितियां, होटल, छात्रावासों इत्यादि जिनमें 10 या 10 से अधिक कार्मिक जिला कार्यालय एवं उसके अधीन कार्यरत कार्यालय/इकाईयों को सम्मिलित करते हुए कार्यरत है, उनमें आंतरिक शिकायत समितियों का गठन एवं 3 वर्ष उपरांत पुनर्गठन अनिवार्य रूप से किया जाना है। उप निदेशक महिला अधिकारिता अमित गुप्ता ने बताया कि इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय में 31 जनवरी, 2025 तक शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना है।

### आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

## कार्यों को त्वरित गति से निपटाए : शुभम चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कैलाश सोनी को आयुष्मान कार्ड ई-केवाईसी की प्रगति एवं आयुष्मान कार्डो के वितरण की समीक्षा कर एक सप्ताह के अंदर उक्त कार्यो में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने समस्त अधिकारियों को विधानसभा से संबंधित प्रश्नों के जबाब समय पर भिजवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को उनके विभागों में एमपी, एमएलए लेड स्वीकृत कार्यो की समीक्षा करते हुए स्वीकृत कार्यो की सूचना जिला परिषद में समय पर भिजवाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने आगामी फरवरी माह में आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वां, अतिरक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग भगवान सहाय, उप निदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस, स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। शहर में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर तिरंगा फहराया गया। विधायक राम सहाय वर्मा ने डाक बंगले में ध्वजारोहण किया। विधायक ने गांधी पार्क में महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद हायर सेकंडरी स्कूल के बाहर सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इसी प्रकार पंचायत समिति में प्रधान रामअवतार लांगड़ी ने तिरंगा फहराया। शहर थाना में थानाधिकारी सूरजमल चौधरी ने तिरंगा फहराया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह कृषि मंडी परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार नरेश कुमार गुर्जर ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान पुलिस के जवानों द्वारा सलामी दी गई। मुख्य अतिथि तहसीलदार नरेश कुमार गुर्जर ने स्कूली छात्र-छात्राओं के मार्च पास्ट की सलामी ली। परेड का निरीक्षण किया। स्कूली बच्चों ने व्यायाम प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर 48 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पुलिस उप अधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा, प्रधानाचार्य देवेंद्र पाल सिंह सहित शहर के प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह व नवीन विद्यालय भवन का हुआ लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** झिलाई में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में सोमवार को वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि निवाई पीपलू विधायक राम सहाय वर्मा रहे। विधायक ने मां सरस्वती, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं का अनावरण कर दीप प्रज्वलित किया।

दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रधानाचार्य अनुराधा वर्मा ने राजस्थानी परंपरा के साथ विधायक का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट उपलब्धियां के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह मेहता, सरपंच कान्ति देवी शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुशील करनानी सहित विद्यालय स्टाफ और ग्रामीण मौजूद रहे।



# सड़क दुर्घटना रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना पर काम करें अधिकारी

## जिला यातायात प्रबंध समिति की बैठक में जिला कलक्टर ने दिये निर्देश

- सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन में जागरुकता सुनिश्चित करने के हो हर संभव प्रयास
- संबंधित विभाग आपसी समन्वय से रोड सेफ्टी प्रोटोकॉल की पालना करेंगे सुनिश्चित

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला यातायात प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों को प्रभावी कार्ययोजना बनाने के के निर्देश दिये हैं। उन्होंने दुर्घटना के संभावित स्थानों पर व्यापक इंतजाम सुनिश्चित करने के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये पुराने साइनेज को हटाकर नये साइनेज लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को राजमार्गों पर जारी फ्लाइओवर का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जयपुर जिले के शहरी, ग्रामीण क्षेत्र के राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर भारत सरकार के नये नोटिफिकेशन के अनुसार स्पीड लिमिट के साइनेज बोर्ड लगाने, राजमार्गों के प्रोटोकॉल के अनुसार चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के निवारण करने एवं जिले में यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने और राजमार्गों पर अनाधिकृत पार्किंग सहित रिफलेक्टिव टेप इत्यादि के उल्लघनों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही जयपुर विकास प्राधिकरण और राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम के अधिकारियों को पिछली बैठक के बिन्दुओं की अनुपालना रिपोर्ट पेश करने के लिए निर्देशित किया गया है। बैठक में ज्वलनशील पदार्थों को ले जाने वाले वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग करने, रूट उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने, टोल नाके पर शराब या नशा कर के चलाने वाले वाहन चालकों को पकड़ने तथा बेसहारा पशुओं को रेडियम पट्टी लगाने सहित सड़क सुरक्षा के तमाम उपाय करने आदि पर भी चर्चा की गई। बैठक में पुलिस आयुक्त यातायात, अतिरिक्त जिला कलक्टर, सहित जयपुर विकास प्राधिकरण, परिवहन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और मुस्कान फाउंडेशन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# शिविर में 105 लोगों की जांच

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स. )।** बालाजी नेचुरो एंड फिजियो रिहैब क्लिनिक पर नि:शुल्क थायराइड जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए डॉ अविनाश दाधीच ने बताया कि भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट मिशन के अंतर्गत सर्वे भवन्तु सुखिन सर्वे भवन्तु निरामया की अवधारणा के तहत सरस्वती एजुकेशनल एवं कल्चरल सोसाइटी के तत्वावधान में करीब दस वर्षों से प्रतिमाह थायराइड शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। जिसमें इस माह 105 लोगों की निःशुल्क जांच कर उन्हें लाइफस्टाइल से संबंधित जानकारी दी। डॉ अविनाश दाधीच ने बताया कि अगर हम आहार एवं नियमित दिनचर्या पर ध्यान देते है तो जटिल से जटिल थायराइड को अगर एवं अन्य बीमारियों को बहुत ही आसानी से ठीक कर सकते है। शिविर में रोशन चोयल,मयंक शर्मा,मुस्कान, विशाल सिंह एवं सुरेन्द्र सिंह ने अपनी सेवाएं दी।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस समारोह, जगह-जगह हुआ ध्वजारोहण

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। फुलेरा नगर पालिका का मुख्य समारोह स्कूल खेल मैदान पर पालिकाध्यक्ष संगीता अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विधायक विद्याधर सिंह चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी कृष्ण कुमार यादव,पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी,प्रधानाचार्या नविता कुमारी वर्मा,उपप्रधानाचार्य मयंक शर्मा,नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमरचंद सैनी थे। समारोह के प्रारंभ में प्रातः 10.30 बजे अतिथियों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर स्कूली छात्र छात्राओं ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां दी। इस दौरान प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं उत्कृष्ट सेवा देने वाले लोगों का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल,पूर्व पालिकाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, पार्षद दौलत चौधरी,विद्या सागर शर्मा,प्रमोद मीणा,विमला देवी,महावीर प्रसाद जैन,अमरचंद सैनी,विजय पापटवान सहित अन्य लोग मौजूद थे। मंच संचालन योगेंद्र गहलोत ने किया। इसी प्रकार भाजपा कार्यालय पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ,उपकारागृह पर उपखंड अधिकारी,दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत कार्यालय पर थाना प्रभारी श्रवण कुमार नील,कांग्रेस कार्यालय पर विधायक विद्याधर सिंह चौधरी, बालिका विद्यालय में प्रधानाचार्या नविता कुमारी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

# रामाज पैलेस पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण और बाइक राइडर्स की रोमांचक मौजूदगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/निवाई ( का.स. )।** रविवार को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर रामाज रिसोर्ट में एक भव्य और प्रेरणादायक ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर रिसोर्ट के संस्थापक और मालिक श्री महावीर टेलर ने गर्व के साथ राष्ट्रीय ध्वज को फहराया और सभी उपस्थित लोगों को एकता और देशभक्ति की भावना से भर दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीतों की गूंज और देशभक्ति के नारों ने माहौल को और भी खास बना दिया। इस आयोजन को और भी रोमांचक बनाने के लिए सुजुकी बाइक राइडर्स ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। उनके हैरतअंगेज बाइक स्टंट और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रामाज रिसोर्ट, जो अपनी शानदार सुविधाओं, मनमोहक माहौल और उत्कृष्ट आतिथ्य सेवा के लिए प्रसिद्ध है, ने इस कार्यक्रम को भव्य तरीके से आयोजित कर सभी मेहमानों का दिल जीत लिया। रिसोर्ट में बच्चों और युवाओं के लिए खास तौर पर मिठाई और नाश्ते की व्यवस्था की गई, जिससे इस दिन का आनंद सभी ने मिलकर लिया। श्री महावीर टेलर ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, गणतंत्र दिवस केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की गौरवशाली लोकतांत्रिक परंपराओं, समानता, और भाईचारे का प्रतीक है। रामाज रिसोर्ट पर इस खास दिन को मनाना हमारे लिए केवल गर्व की बात नहीं, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम देशभक्ति और एकता का संदेश फैलाएं। गणतंत्र दिवस के इस प्रेरणादायक आयोजन ने न केवल देशभक्ति का संदेश फैलाया बल्कि सभी उपस्थित लोगों के दिलों में इस दिन को यादगार बना दिया। रामाज रिसोर्ट ने साबित कर दिया कि यह सिर्फ एक रिसोर्ट नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा, और आधुनिकता का संगम है।



# "चाँदनी चीखती है चीड़ों पर आंच आती है आशियाने से"

## मानसरोवर मीडिया क्लब द्वारा काव्य संगम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** गणतन्त्र दिवस पर मानसरोवर मीडिया क्लब के तत्वावधान में प्रतिष्ठित कवियों और व्यंग्यकारों ने ओजस्वी स्वरों देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव से ओतप्रोत रचनाएँ प्रस्तुत की। वरिष्ठ कवि गोविंद माथुर मुख्य अतिथि रहे और ख्यातनाम व्यंग्यकार फारूक आफरीदी ने अध्यक्षता की। आफरीदी ने गणतन्त्र की स्थापना के बाद आमजन के टूटे सपनों और भुजबल और धनबल के बढ़ते वर्चस्व को लेकर ' 'मैं भ्रष्ट हूँ'' और मनोज वार्ष्णेय ने इवीएम के खेल पर व्यंग्य रचना सुनाई। वरिष्ठ कवि गोविन्द माथुर ने सामाजिक मूल्यों मे आई गिरावट पर अपनी रचना दर्द, प्रेम और श्रद्धा प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि युवा शायर एमआई ज़ाहिर ने अपनी शानदार गज़ल ' 'चाँदनी चीखती है चीड़ों पर आंच आती है आशियाने से'' सुनाकर वाहवाही लूटी। राघवेंद्र रावत ने किसानों की पीड़ा उद्घाटित करती कविता 'किसान', ओमेन्द्र मीना ने साधो जग ये चंडूखाना, डॉ प्रह्लाद गुप्ता ने मेरा देश महान कविता सुनाई। योगेश कानवा ने 'राजनीति को वारांगना ना बनाइये' और सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने राजनीति पर 'वही लोग चुने जाएंगे चंबल के डाकू जिन्हें चाहेंगे' कविता सुनाई । कन्हैया भ्रमर, ओपी चंद्रोदय ने सस्वर कविता पाठ किया। डॉ. राधा गुप्ता और साकार श्रीवास्तव ने देशभक्ति की रचनाएँ सुनाई। डॉ प्रशांत शर्मा ने बांसुरी पर मधुर स्वर लहरियों से सबका मन मोह लिया। प्रारम्भ मे क्लब के निदेशक जयदेव शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि जयपुर में शीघ्र ही विशाल साहित्य एवं संस्कृति उत्सव का आयोजन किया जाएगा। दो घंटे चले काव्य संगम में बड़ी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार, संस्कृतिकर्मीऔर जनसंपर्ककर्मी मौजूद थे।

# ए.एस.जी. नेत्र चिकित्सालय ने 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( बाबू अंसारी )।** ए.एस.जी. नेत्र चिकित्सालय, जयपुर में 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुबेदार अर्जुन सिंह राठौड़, राष्ट्रीय अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ वेटरन्स एवं अध्यक्ष, जिला पूर्व सैनिक संघ जयपुर ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में चिकित्सालय के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. आशीष अग्रवाल, डॉ. ज्योति गर्ग, डॉ. ध्रुव कामरा, डॉ. संदीप चौधरी एवं उनकी टीम उपस्थित रही।डॉ. आशीष अग्रवाल ने मुख्य अतिथि सुबेदार अर्जुन सिंह राठौड़ व उनकी टीम के सदस्यों का आभार व्यक्त किया, जिनमें कैप्टन उमराव सिंह (कमांडो), कैप्टन नंद सिंह राठौड़, सुबेदार मेजर लक्ष्मण सिंह, कैप्टन अमर सिंह, कैप्टन रामजन्म सिंह राठौड़, सुबेदार पृथ्वी सिंह तंवर, नायक मौबसिंह शेखावत, लांस दफेदार नरेंद्र सिंह राठौड़, हवलदार भवानी सिंह शेखावत और हवलदार कर्ण सिंह शामिल थे। इसके साथ ही, उन्होंने ए.एस.जी. नेत्र चिकित्सालय की आयोजक टीम, जिसमें नरेंद्र सिंह, शेर सिंह, आशीष कुमार,रवि आनंद, अनिल वैष्णव, मुकेश शर्मा,हर्षवर्धन सिंह, अविनाश राजोरिया और समस्त चिकित्सालय स्टाफ शामिल थे, को कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए धन्यवाद दिया।

# 76 वां,गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** विजयवर्गी वैश्य समाज से संगम भवन सेक्टर 26, प्रताप नगर,में संगम के अध्यक्ष डॉक्टर शिवकुमार बुटेरी द्वारा ध्वजा रोहण किया। 76वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और देश के सम्मान के लिए सभी के द्वारा भारत माता के जय कारे लगाए गए, उपस्थित लोगों को लड्डू बाटकर खुशी का इजहार किया। उपस्थित लोग विशंभर दयाल दुब्बी, सुशील कुमार सिकंदरा,बनवारी लाल बांदीकुई, राजेंद्र कुमार अलवर,उमाकांत खेड़ा कल्याणपुर, रमाकांत खेड़ा कल्याणपुर,आनंद केकड़ी,महेश कैनावर, नरेंद्र कुमार गुप्ता, अशोक वनस्थली, देवेंद्र बांदीकुई, शिम्भु दयाल कुंडल, उपस्थित रहे।




# 76वें गणतंत्र दिवस समारोह का हुआ भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** दिनांक 26 जनवरी 2025 को परमार्थ एवम् आध्यात्मिक समिति द्वारा कटेवा नगर, मोती नगर स्थित परमार्थ भवन पर लोकतांत्रिक सम्प्रभुता सम्पन्न भारतवर्ष गणराज्य की 76वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समिति के प्रमुख पदाधिकारी श्री सत्य नारायण गुप्ता रहे। उपरोक्त राष्ट्रीय पर्व के शुभ अवसर पर समिति के प्रमुख पदाधिकारी एवम् सदस्य सर्वश्री आर के अग्रवाल, श्याम विजय, ओम प्रकाश शर्मा, रामावतार माहेश्वरी, मोहन लाल जायसवाल, ज्ञान स्वरूप भटनागर, नवल किशोर पारीक, नरेन्द्र कुमार टांक, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, रामावतार वर्मा, गजेन्द्र कुमार टांक, भगवान सहाय मूर्तिकार, डॉक्टर गजेन्द्र शंकर जौहरी, जे एन मीना, अजीत भटनागर, श्रीमती संतोष कंवर शेखावत एवम् निर्मला सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

# राजस्थान का सबसे बड़ा हनी ट्रैप कांड मुख्य आरोपी कांस्टेबल विजय सिंह को प्रशासन ने किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/ब्यावर।** राजस्थान के बहुचर्चित हनी ट्रैप मामले में आरोपी विजयनगर थाने के कांस्टेबल विजय सिंह को 26 जनवरी के अवसर पर मसूदा उपखंड कार्यालय में स्थानीय प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। यह मामला कार्गो व्यापारी शंभू लाल गुर्जर से जुड़ा है, जिसमें मुकदमा संख्या 164/2024 के तहत एसओजी में जांच लंबित है। पीड़ित शंभू लाल गुर्जर ने आरोप लगाया कि कांस्टेबल विजय सिंह और उसके 44 सहयोगियों ने भीलवाड़ा की महिलाओं के साथ मिलकर हनी ट्रैप, अवैध वसूली, घर में तोड़फोड़, गाड़ियों की चोरी और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार जैसे गंभीर अपराध किए। इन आरोपों की जांच जयपुर के मेट्रो द्वितीय सीजेएम कोर्ट के आदेश पर एसओजी को सौंपी गई थी।



शंभू लाल ने कहा कि विजय सिंह मुख्य आरोपी है, जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर मेरे घर में घुसकर गाड़ियां चोरी कीं और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने उनकी शिकायतों को अनदेखा किया और राजनीतिक दबाव के चलते आरोपियों को बचाया जा रहा है। व्यापारी ने स्पष्ट किया कि वह न्याय के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा विजय सिंह को सम्मानित करना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का प्रतीक है और इससे आरोपियों के हौसले और बुलंद हो रहे हैं। यह मामला प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है, क्योंकि स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर भी पीड़ित ने संदेह जताया है।

# हरीश बैरवा उनकी मां के साथ सम्मानित हुए



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू( नि.स. )।** गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर उपखंड कार्यालय एवं उपजिला मजिस्ट्रेट चाकसू के द्वारा चेयरमैन नगर पालिका चाकसू कमलेश बैरवा, उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा , उगंता देवी प्रधान पंचायत समिति चाकसू ने रोवर लीडर हरीश बैरवा पुत्र राम अवतार बैरवा राजस्थान राज्य भारत स्काउट एण्ड गाइड ने पुलिस थाना चाकसू के साथ कोविड-19 वायरस महामारी एवं लॉकडाउन के दौरान निस्वार्थ भावना से समाजिक क्षेत्र में सराहनीय कार्य एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

# गणतंत्र दिवस पर मदरसा रंगरेजान में झंडारोहण, बच्चों को पुरस्कार वितरित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( बाबू अंसारी )।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर मदरसा रंगरेजान तदरीसुल इस्लाम में रंगरेज समाज सामाजिक सेवा समिति, जयपुर के अध्यक्ष मकसूद रंगरेज एडवोकेट के सानिध्य में झंडारोहण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रगान का गायन किया गया और बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए।समारोह में समिति के सचिव सलमान खान रंगरेज एडवोकेट, उपाध्यक्ष उमर रंगरेज, और नईम रंगरेज भी उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और शिक्षा के महत्व पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# विश्व स्तर पर भूमि को प्राकृतिक रूप से जैविक बनाने का लिया गया अखंड संकल्प : डॉ. अतुल गुप्ता



बढ़ता राजस्थान

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण की आवाज़ को और किया बुलंद : मोनिका गुप्ता

**जयपुर,( का.स. )।** सोमवार को अखंड भारत के 76 वें गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक दिन पर श्री पिंजरापोल गौशाला स्थित जैविक वन औषधीय पादप केंद्र में अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ0 अतुल गुप्ता व हैनिमन चेरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता के कर कमलों से ध्वजारोहण किया गया । इस अवसर पर यह प्रण लिया गया कि हम सभी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'प्राकृतिक खेती के राष्ट्रिय मिशन' के अंतर्गत सम्पूर्ण धरा को रसायन मुक्त कर इसे गौ आधारित जैविक बनायेंगे तथा उस भूमि पर खेती के माध्यम से आगामी पीढ़ी को एक सुरक्षित भविष्य दे सकते हैं । डॉ0 अतुल गुप्ता ने उपस्थित जन समुदाय को अपना सन्देश देते हुए कहा कि गौ वंश संवर्धन व संरक्षण के द्वारा प्राकृतिक जैविक खेती के माध्यम से इस सृष्टि को संरक्षित व संवर्धित कर सकते हैं ।

# अंता में निकली विशाल कलश यात्रा

## 51 कुंडिय गायत्री महायज्ञ का विशाल आयोजन शुरू

बढ़ता राजस्थान



**अंता (शफीक मंसूरी)।** अंता में 27 से 30 जनवरी तक अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक युग ऋषि परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा के शुक्ष्म संरक्षण में अंता नगर में विश्व शांति हेतु 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन अंता अजीतपुरा बालाजी की बगीची स्टेशन रोड अंता में किया जा रहा है। जिसमें सोमवार को सैकड़ो महिलाओं द्वारा मंगल कलश एवं सदग्रंथ शोभायात्रा निकाली गई जिसका जगह जगह पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। शोभा यात्रा का भाजपा नवीनयुक्त नगर अध्यक्ष रोहित नंदवाना के नेतृत्व में कोटा बारां नवनियुक्त नगर अध्यक्ष रोहित नंदवाना, पार्षद राधेश्याम सिंगोदिया धनराज चौरसिया, महेंद्र सुमन, नंदकिशोर नायक, ओम चौरसिया, बालमुकुंद मीना, गोविंद शर्मा महेश, शर्मा,महेश पवार, ओम सोनी मधुर, भवानी शंकर कुमावत, भूपेंद्र राठौर, रिंकू गुर्जर, विक्की गौतम, हरिप्रकाश गुर्जर, चिक्की बना, अनुपम सोनी, हरीश शर्मा मुख्य मार्ग पर कलश यात्रा से पूर्व अंता नगर के प्रमुख मार्गो पर स्वागत द्वार लगाए गए। वही 28,29,30 जनवरी को 51 कुंडिय महायज्ञ का आयोजन प्रात 8 से 12 बजे तक किया जाएगा। जिसमें अंता नगर एवं अंता ग्रामीण क्षेत्र से पधारे सभी भाई बहिन एवं कार्यकर्ता यज्ञ में भाग लेंगे और यज्ञ की पूर्णाहुति 30 जनवरी गुरुवार को होगी।

# जे. के. सीमेंट निंबाहेड़ा एवं मांगरोल में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** जे. के. सीमेंट संस्थान निंबाहेड़ा में यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल के मुख्य आतिथ्य में गणतंत्र दिवस के पर्व को हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण कर तिरंगे को सलामी दी गई साथ ही सुरक्षा कर्मियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। तत्पश्चात वर्ष पर्यन्त उत्तम उपस्थिति दर्ज करने वाले 31 कर्मचारियों और श्रमिक साथियों को सम्मानित किया गया।

तथा उत्कृष्ट कार्य के लिए 10 अधिकारियों का भी सम्मान किया गया और वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता में विजेताओ और उपविजेताओं को पारितोषिक प्रदान कर प्रेरित किया गया। साथ ही श्रेष्ठ सुरक्षा कर्मियों का भी सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि मनीष तोषनीवाल ने कहा कि आज ही के दिन भारत ने 1950 में भारतीय संविधान को अपनाया था, जो हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों की नींव है। गणतंत्र दिवस का पर्व भारतीय नागरिकों की एकता, अखंडता और विविधता में एकता का प्रतीक है। यह हम सभी को हमारे संविधान के तहत मिली स्वतंत्रता और अधिकारों की महत्ता का अहसास कराता है। इस दिन हम अपने देश की प्रगति, समृद्धि और विश्व मंच पर उसकी बढ़ती स्थिति का जश्न मनाते हैं। सरकार और समाज के प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि हम अपने राष्ट्र को और अधिक उन्नति की ओर ले जा सकें। यह दिन हमें समाज में समानता, शांति और समृद्धि की दिशा में योगदान देने की प्रेरणा देता है। हम सब मिलकर अपने संविधान की गरिमा बनाए रखें और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उक्त अवसर पर कमर्शियल हेड अजय गर्ग, कॉर्पोरेट सेफ्टी हेड आशुतोष श्रीवास्तव, टेक्निकल हेड राजेश सोनी, एच आर एवं ई आर हेड प्रभाकर मिश्रा हेड, सिक्यूरिटी हेड धनंजय कुमार, वरिष्ठ महाप्रबंधक दिलीप धाकड़, अमरजीत चक्रवर्ती, सुधीर नागौरी, करीम मंसूरी, किशोर शर्मा, एस मरियप्पन एवं श्रमिक संघ के अध्यक्ष चैनसिंह और महामंत्री राजसिंह सहित सैकड़ो कर्मचारी और श्रमिक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सत्यदेव पानेरी द्वारा किया गया। इसी प्रकार जे.के.सीमेंट के मांगरोल प्लांट में भी गणतंत्र दिवस मनाया गया जहां टेक्निकल हेड मुरली मनोहर लढ़ा द्वारा ध्वजारोहण कर परेड को सलामी एवं निरीक्षण किया गया। वर्ष भर उत्तम उपस्थिति दर्ज कराने वाले अधिकारियों और कमर्चारियों के सम्मान के साथ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओ में विजेता और उपविजेता रहने वाले खिलाड़ियों को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दीपक सोनी शांति लाल जैन, सुरेंद जोशी, विकेश जैन, एस एन गौड़, अमित कुमार सिंह, श्रमिक संघ अध्यक्ष सत्यनारायण मेनारिया एवं महामंत्री धर्मपुरी गोस्वामी सहित कई कर्मचारी और श्रमिक साथी उपस्थित रहे।

कार्यकम का संचालन दीर्घा और श्रेया ने किया।

# वार्षिक उत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किये विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** केकड़ी के खाती मोहल्ला स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव मनाया गया। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद नारायण शर्मा, खंड संघ चालक सुभाष भाल, यूसीईओ कालूराम सामरिया व भामाशाह रामकिशन कुमावत अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह में विद्यालय के बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद नारायण शर्मा ने कहा कि वर्ष पर्यंत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गतिविधियां एवं सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रतिभा का प्रदर्शन ही विद्यालय का दर्पण होता है। उन्होंने कहा कि भामाशाहों और विद्यालय प्रबंधन का समन्वय बना रहने पर ही विद्यालय में बच्चों के लिए सभी सुविधाएं मुहैया करा पाना आसान रहता है। खंड संघ चालक सुभाष भाल ने कहा कि विद्यार्थियों को समझना चाहिए कि गुरु अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। प्रत्येक गुरु यह चाहता है कि उनका शिष्य उनसे भी आगे निकले। सभी विद्यार्थी कड़ी मेहनत कर जीवन का उत्थान करें तथा घर परिवार व गुरुजनों के साथ स्कूल व शहर का नाम रोशन करें। प्रधानाध्यापक मीनाक्षी माहेश्वरी ने बताया कि इस अवसर पर भामाशाह रामकिशन कुमावत द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को कृष्ण भोग के रूप में भोजन कराया गया। छात्र अध्यापकों द्वारा विद्यालय को एक साउंड सिस्टम भेंट किया गया। प्रारम्भ में अतिथियों का राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा बांधकर स्वागत किया गया। समारोह में विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के कैलाश गौड़, शुभकरण मीणा, कन्हैयालाल बैरवा, शीतल मीणा, रेखा शर्मा, नयनतारा पाराशर, चंद्रा सेन, प्रशांत पारीक, माधव गोपाल वर्मा, शोएब अख्तर, प्रदीप सैनी, अभिषेक मीणा, रामप्यारी, अंतिमा कुमारी, राहुल आचार्य आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बबीता शर्मा ने किया।

# शासन प्रशासन की उधासीनता की वजह से किसान परेशान सुने कौन ?

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़( नि.स. )।** भारतीय किसान संघ जिला झालावाड़ की मासिक बैठक किसान भवन झालावाड़ में जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई । जिला बैठक में कोटा संभाग अध्यक्ष गिरिराज चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टियां चुनाव के समय पर किसानों को लुभावने एवं खेती किसानी के बारे में नए-नए सपने दिखाकर चुनाव जीत जाते हैं और फिर सत्ता मिलने के बाद किसानों को 5 वर्षों तक नहीं पूछते हैं और अधिकारी किसने की समस्याओं पर ध्यान नहीं देते हैं इसलिए किसानों को भारतीय किसान संघ के साथ जुड़कर खेती व किसानी को बचाया जा सकता है । प्रांत संगठन मंत्री परमानंद ने बैठक में किसानों को संगठनात्मक रचनात्मक एवं आंदोलन आत्मक के बारे में अधिक से अधिक किसानों को गांव-गांव में ग्राम समितियां के माध्यम से प्रशिक्षित करेंगे जिससे किसान आजादी के कई वर्ष बीत जाने के बाद भी किसान ठगा सा महसूस कर रहा है चुनी हुई सरकारों का ध्यान खेती व किसानी में नहीं है । संभाग उपाध्यक्ष धन सिंह गुर्जर ने कहा कि किसानों को पिछले खरीफ सीजन में बे मौसम बरसात हुई थी जिसकी वजह से कटी हुई फासले खराब हो गई थी उनका अभी तक प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं मुआवजा राशि नहीं मिला किसानो को जो दुर्भाग्यपूर्ण है । बैठक के उपरांत झालावाड़ जिले की समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया । बैठक में झालावाड़ नगर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा जिला प्रभारी श्री कृष्ण पाटीदार ने की । नगर अध्यक्ष घनश्याम सुमन नगर मंत्री खेमराज नगर उपाध्यक्ष राधेश्याम युवा प्रमुख विनोद कुमार सह मंत्री राजू लाल को नई जिम्मेदारियां दी गई ।

जिला बैठक में संभाग कार्यालय मंत्री मनोहर लाल डांगी, जिला मंत्री कालूराम दांगी, जिला पंचायत प्रमुख महेश मेहर ,जिला सहकारिता प्रमुख जगदीश प्रसाद शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष शोभाराम डांगी, जिला पर्यावरण प्रमुख भगवान सिंह डाबला भोज ,खानपुर तहसील अध्यक्ष शंकर लाल सुमन, रायपुर तहसील अध्यक्ष रामगोपाल पाटीदार ,पचपाड़ तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल नागर ,झालरापाटन तहसील मंत्री सुखदेव राठौर पिडावा तहसील उपाध्यक्ष राधेश्याम दांगी कानपुर तहसील मंत्री रमेश चंद मालव भरत श्रृंगी योगेंद्र पाटीदार सहित कई किसान मौजूद रहे ।

# अंता ईओ ने अन्नपूर्णा रसोई का किया निरीक्षणः लाभार्थियों से लिया फीडबैक

बढ़ता राजस्थान

**अंता (शफीक मंसूरी)।** राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'कोई भूखा न सोए' के तहत अंता नगरपालिका में चल रही श्री अन्नपूर्णा रसोईयों का अधिशासी अधिकारी दीपक नागर ने आज औचक निरीक्षण किया। नगर में तीन स्थानों - सरदार वल्लभाई स्टेडियम, रेलवे स्टेशन रोड और अस्पताल के सामने संचालित रसोईयों का दौरा किया गया।

अधिशासी अधिकारी ने अस्पताल के सामने स्थित रसोई में स्वयं भोजन कर गुणवत्ता की जांच की।

# अंताः हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस, गूंजे देशभक्ति के तराने

## पार्षद समाजसेवी धनराज चौरसिया सहित 45 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**अंता (शफीक मंसूरी)।** 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह रविवार को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया । इस दौरान स्कूलों सहित सरकारी कार्यालयों में राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराया गया। मुख्य समारोह सरदार बल्लभ भाई पटेल स्टेडियम अंता में आयोजित किया गया जहां प्रात: 9 बजे उपखण्ड अधिकारी बनवारी लाल बैरवा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा देश भक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल पुलिस उप अधीक्षक सोजीलाल मीणा, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी दीपक नागर , तहसीलदार, नगर पालिका महेंद्र सिंह जाटव, सहायक अभियंता मनीष मालव कनिष्ठ अभियंता स्टोर प्रभारी दौलतराम कुशवाहा, भूमि शाखा प्रभारी जगदीश सुमन, महावीर मीणा, चंद्र मोहन वैष्णव, सफाई निरीक्षक रामस्वरूप पोटर, नगर पालिका पार्षद सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। पार्षद समाजसेवी धनराज चौरसिया सहित 45 प्रतिभाओं को किया सम्मानित उपखण्ड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान 45 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

### यहां भी हुए ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस एनटीपीसी अंता में हर्षोल्लास से मनाया गया । मुख्य समारोह में एनटीपीसी महाप्रबंधक द्वारा ध्वजारोहण किया गया । इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दूसरी ओर नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया कांग्रेस कार्यालय पर नगर अध्यक्ष ललित गालव ने झंडा फहराया। विवेक वर्दिधनी स्कूल, केशव ज्ञान भारती, शिव ज्योति, जीनियस स्कूल, ग्लोबल इंटरनेशनल, इम्मानुएल, ग्लोबल किड्ज सहित अन्य सरकारी एवं निजी स्कूलों में भी गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया।

# गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़( नि.स. )।** महात्मा गांधी सरकारी विद्यालय लाल बाग में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया साथ ही वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अधिवक्ता कविम जैन जिलाध्यक मानवाधिकार निगरानी समिति एवं रक्तदान ,अंगदान, देहदान के क्षेत्र में अग्रणी संस्था मंजूश्री स्नेह संस्थान के संस्थापक सचिव अजय मोमिया साथ ही अतिथि के तौर पर गीता मीणा नगर पालिका, प्रमुख समाज सेवी सुनील मीणा श्री श्याम सेवा समिति भवानीमंडी तथा अर्पित पालीवाल द्वारा बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा साथ ही छोटे-छोटे बच्चों द्वारा लघु नाटक नशा मुक्ति, कचरे का निस्तारण करना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि ग्रुप प्रस्तुतियां से समाज को प्रेरणा दी, कार्यक्रम में समाजसेवी राहुल जसूजा द्वारा सभी बच्चों को फल का वितरण किया गया ,अंत में प्रधानाध्यापिका शेफ्ता नाज ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा शानदार कार्यक्रम के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रशासन और पत्रकार के बीच हुआ मैत्री क्रिकेट मैच



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़( नि.स. )।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर खेल संकुल में प्रशासन एवं पत्रकार 11 के बीच मैत्री क्रिकेट मैच हुआ आयोजित। सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि झालावाड़ के खेल संकुल क्रिकेट मैदान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दोपहर में 3 बजे पुलिस एंव जिला प्रशासन व वर्सेज पत्रकार 11 मैत्री क्रिकेट मैच आयोजित हुआ, सबसे पहले टॉस किया गया जिसमें प्रशासन ने टॉस जीता इस प्रशासन की ओर से पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया और पत्रकार 11 को बल्लेबाजी के लिए, इस पर पत्रकार 11 के खिलाड़ियों ने 15 ओवर में 9 विकेट खोकर 87 रन बनाये,जवाब में प्रशासन शानदार पारी खेलते हुए 90 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीत लिया, जहां बोलिंग व बेटिंग में पत्रकारों ने अच्छा प्रदर्शन किया तो वही बाद में बल्लबाजी करते हुए प्रशासन की ओर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर सत्यनारायण अमेठा एडिशनल एसपी चिरंजी लाल मीणा,उपखण्ड अधिकारी अभिषेक चारण एंव क्र्र बाबूलाल सहित पुलिस के जवान एवं अधिकारियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य को जल्द प्राप्त कर 90 रन बनाकर से पत्रकार 11 को हरा दिया। इसके बाद सभी टीम के खिलाड़ियों द्वारा संयुक्त फोटो सेशन कर एक दूसरों को बधाई दी।

# 76 व गणतंत्र दिवस मनाया बड़ी धूमधाम से

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)** । भरतपुर संभाग के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धौन्ध सरमथुरा में गणतंत्र दिवस मनाया धूमधाम से विद्यालय के प्रिंसिपल बबलू मोलोनी ने बताया हमारे विद्यालय में गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं तरह-तरह की प्रस्तुति बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई विद्यालय के अभिभावकों द्वारा एवं विद्यालय द्वारा बच्चों को हर प्रस्तुति पर इनाम दी गई जिससे बच्चों के चेहरे खिले विद्यालय के प्रिंसिपल ने सभी बच्चों को गणतंत्र दिवस के बारे में बताया गणतंत्र दिवस भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों का उत्सव है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम सब बराबर हैं और देश के शासन में हमारी भी भागीदारी है। यह दिन देश की कई जातियां, संस्कृतियों और धर्मों को एकजुट होने का अवसर देता है। गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान के महत्व की याद दिलाता है, जो हमारे अधिकारों और कर्तव्यों को परिभाषित करता है उसके बाद भारत माता की जय के नारो से विद्यालय गूंज उठा विद्यालय के सभी बच्चों को तिरंगा झंडा का चिन्ह देकर मिठाई खिलाई गई इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसिपल बबलू मोलोनी, हरि सिंह, श्री भगवान मीणा, सियाराम, रामप्रकाश, आशा मीणा, जीके मीणा, मंगल सिंह, ओम प्रकाश, सरोजन समस्त स्टाफ एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# श्री सुधासागर स्कूल में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

## विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोहा

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी (संजय कटारिया)।** सापंदा रोड स्थित श्री सुधासागर दिगंबर जैन विद्या विहार सीनियर सैकण्डरी स्कूल में गणतंत्र दिवस परंपरागत रूप से हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। संस्था के सचिव आनन्द सोनी ने संस्था सदस्य भंवरलाल बज, पवन गंगवाल, सुकेश गंगवाल, विनोद पाटनी, सचिन गदिया व पारस बज के साथ तिरंगा फहराया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणी दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागरजी महाराज और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और ईश वंदना से किया गया। प्रधानाचार्य सत्यनारायण खंडेलवाल ने स्वागत भाषण दिया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने एक के बाद एक देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इसके अंतर्गत कक्षा चार व पांच की छात्राओं ने मां तेरी माटी नामक देशभक्ति से ओतप्रोत गाने पर अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुती दी। समारोह में कक्षा नौ की छात्रा आदितिराज मीणा ने मां तुम्हे नमामि गीत पर एकल नृत्य प्रस्तुत किया। इसी क्रम में कक्षा तीन की छात्राओं ने शहीदों के सम्मान में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा चार व पांच के बच्चों ने सुजलाम सुफलाम मलयज शीतलाम गीत पर, कक्षा एक व दो के बच्चों ने लहरा के झूमा तिरंगा गीत पर तथा कक्षा नौ की छात्रा रिद्धिमा विजय ने तेरी मिट्टी में मिल जावा गीत पर नृत्य प्रस्तुत किये। समारोह में संबोधित करते हुए दिंगबर जैन समाज केकड़ी के अध्यक्ष भंवरलाल बज ने इस पावन पर्व पर सभी विद्यार्थियों से देश, समाज व विद्यालय का गौरव बढाते हुए सृजनात्मक जीवन का निर्माण करने की प्रेरणा दी। संस्था सचिव आनन्द सोनी ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें अनुशासित जीवन जीने की सीख दी। पारस बज ने विद्यालय के सकारात्मक वातावरण पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मूल आधार बताया। समारोह के अंतर्गत निदेशक अजय जैन ने वर्तमान सत्र में विद्यालय के विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धियों का उल्लेख किया तथा गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए सभी से देश के लिए अपने मौलिक कर्तव्यों के निर्वहन का आह्वान किया। संस्था अध्यक्ष संजय कटारिया ने गणतंत्र दिवस की बधाई प्रेषित की। उपप्रधानाचार्य कैलाशचंद शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सोनल जैन एवं शेफाली जैन ने किया ।

# नैनवां पालिकाध्यक्ष सरिता नागर का हाईवे पर हुआ भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**जजावर (पदमशाह)।** नैनवां नगर पालिका की नव नियुक्त अध्यक्ष सरिता नागर सहित धाकड़ समाज के कई पदाधिकारियो का रविवार को राष्ट्रिय राजमार्ग 148 डी पर जजावर के नजदीक बालाजी फीलिंग स्टेशन पर नैनवां भाजपा देहात मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र नागर के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे बाजे के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया गया । जानकारी के अनुसार पालिकाध्यक्ष सरिता नागर सामाजिक कार्य से रविवार को समाज के पदाधिकारियो के साथ बूंदी जा रही थी उस दौरान जजावर के नजदीक स्तिथ बालाजी फीलिंग स्टेशन पर नैनवां भाजपा देहात मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं धाकड़ युवा संघ के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र नागर द्वारा पालिकाध्यक्ष को गुलदस्ता भेंट कर भावभीना स्वागत किया गया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष करीब 30 मिनिट फीलिंग स्टेशन पर रुकी । इस दौरान उनके साथ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं श्री धाकड़ महासभा के प्रदेशाध्यक्ष हेमराज नागर, देई मण्डल महामंत्री एवं धाकड़ समाज 108 गांव अध्यक्ष रमेश नागर, भाजपा किसान मोर्चा देई मंडल के महामंत्री उमाशंकर नागर, नैनवां ग्रामीण मण्डल महामंत्री एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य मुकेश नागर, भाजपा करवर मण्डल पूर्व अध्यक्ष दिनेश नागर, भाजपा बूथ अध्यक्ष कोरमा सोजीलाल नागर, चैयरमैन प्रतिनिधि भाजयुमो जिला कोषाध्यक्ष एवं पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र नागर नैनवां ग्रामीण मण्डल आईटी संयोजक विमलकुमार नागर का भी माला साफा के साथ स्वागत कर शाल के साथ अभिनंदन किया गया। इस दौरान धन्नालाल सैनी, घनश्याम योगी, परमानन्द मीना, आशाराम बैरवा, अभिषेक योगी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

हर्षोल्लास से मनाया 76वां गणतंत्र दिवस

# कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मुख्य समारोह में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, शहीद वीरांगना पुष्पा देवी एवं धोली देवी का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** 76वॉं गणतंत्र दिवस समारोह 2025 रविवार को जिलेभर में हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री माननीय डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर तिरंगे को सलामी दी। पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान का वादन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने खुली जिप्सी में सवार होकर मार्च पास्ट का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर बैंड की धुन के साथ सुप्रीम प्लाटून कमाण्डर ओमप्रकाश जाटव के नेतृत्व में राजस्थान सशस्त्र पुलिस बल, उप निरीक्षक हरिमन मीना के नेतृत्व में राजस्थान पुलिस बल, मोहन लाल चौधरी के नेतृत्व में राजस्थान गृह रक्षा बल, सीनियर अण्डर ऑफिसर दिनेश प्रजापत के नेतृत्व में राष्ट्रीय कैडिट कोर, सार्जेण्ट विष्णु कुमार के नेतृत्व में एनसीसी जूनियर आर्मी, सिद्धी पाराशर के नेतृत्व में एनसीसी जूनियर आर्मी बालिका विंग, सीनियर स्काउट अभिषेक के नेतृत्व में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड्स, अदिती महावर के नेतृत्व में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड्स तथा हिन्दुस्तान स्काउट गाइड्स की टुकडी ने मार्चपास्ट किया। वहीं शारीरिक शिक्षक कमलेश गुर्जर ने विद्यालयों को व्यायाम प्रदर्शन करवाया। अतिरिक्त जिला कलक्टर धारा सिंह मीणा ने राज्यपाल महोदय के संदेश का पठन किया। जिसके पश्चात मुख्य अतिथि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, जिला कलक्टर शुभम चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने रेण्डायल गुर्जर वजीरपुर की शहीद वीरांगना पुष्पा देवी एवं एण्डा निवासी शहीद बाबूलाल मीणा की पत्नी धोली देवी को स्मृति चिह्न भेंट कर व शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीनणा ने भारत गणराज्य के 76वें राष्ट्रीय पर्व पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि वे आरएसी, पुलिस, स्काउट, एनसीसी अनूठा परीक्षण किया है। वहीं सभी विद्यार्थियों ने भी आकर्षक प्रस्तुतियां दी है। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि हमारा देश भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि पिछली 10 वर्षो में देश शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में द्वितीय प्रगति की और देश विकास की ओर अग्रसर हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति विरासत गौरवशाली है यहां ऐतिहासिक स्थान है। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास हमारी सरकार का जन कल्याण का मूल मंत्र है। इस अवसर पर उन्होंने शहर में पानी की समस्या का शीघ्र समाधान करने का का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर फतेह पब्लिक स्कूल सवाई माधोपुर के विद्यार्थियों द्वारा हर घर तिरंगा, वंदे मात्रम, ए-वतन-ए-वतन मेरे आबाद रहे तू जैसे गीतों पर सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। वहीं गीता देवी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा झांसी की रानी लक्ष्मी बाई के जीवन पर प्रकाश डाला और देश भक्ति गीतों पर सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन तथा सेन्ट एन्सलम जीनापुर के विद्यार्थियों द्वारा लहरा दो-लहरा दो सरकसी का पर्चम लहरा दो सहित एक्सन सॉन्ग पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।



# राजसमंद : जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

## जिला स्तरीय समारोह में जिला कलक्टर ने फहराया ध्वज

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** 76 वां गणतंत्र दिवस जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह बालकृष्ण विद्याभवन राउमावि में आयोजित हुआ जहां जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बालमुकुंद असावा ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, उप जिला प्रमुख सोहनी देवी गुर्जर, सभापति अशोक टाँक, प्रधान अरविन्द सिंह राठौड़, एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एडिशनल एसपी महेंद्र पारीक, एसडीओ बृजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

सर्वप्रथम जिला कलक्टर निवास पर ध्वज फहराया गया जिसके पश्चात कलेक्ट्रेट सहित समस्त राजकीय कार्यालयों में गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम हुए। मुख्य समारोह में कलक्टर ने आगमन करते ही ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान हुआ। कलक्टर असावा ने परेड की सलामी ली जिसके पश्चात भव्य परेड का आयोजन हुआ। सभी ने अनुशासन के साथ ताल में ताल मिलाकर परेड की। महामहिम राज्यपाल के संदेश का वाचन अतिरिक्त जिला कलक्टर नरेश बुनकर ने किया जिसमें प्रदेश में हुए जनकल्याणकारी कार्यों को विस्तार से बताया गया। संदेश वाचन के पश्चात 56 प्रतिभाओं का जिला स्तर पर सम्मान किया गया। तत्पश्चात पीटी, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भारतीय संस्कृति, देश-प्रेम, सैन्य शक्ति, मातृशक्ति, भारत की स्पेस पावर आदि की झलक दिखाई दी।

विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी कार्यों पर आधारित झाँकियाँ भी प्रस्तुत की गई जिनमें नगर परिषद की झांकी प्रथम रहने पर पुरस्कृत किया गया। झांकियों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना सहित अन्य चिकित्सकीय गतिविधियां, कृषि विभाग ने फार्म पॉण्ड, ड्रोन, मलच सहित अन्य गतिविधियों को प्रदर्शित किया।

वन विभाग ने कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य की जैव विविधता, नगर परिषद ने स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए कार्य, पंचायतीराज विभाग ने 4-पी मॉडल पर आधारित स्वच्छता गतिविधियां, माय ऑफिस क्लीन ऑफिस, सामूहिक स्वच्छता अभियान आदि पर आधारित झांकी दिखाई। सभी झांकियों में आमजन के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की झलक दिखाई पड़ी। जिला स्तरीय समारोह को देखने बड़ी संख्या में शहरवासी जुटे। उत्कृष्ट प्रस्तुतियों पर आमजन ने तालियाँ बजाकर अभिवादन किया। कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय के नारे गुंजायमान रहे।

# एक वर्ष के अंतराल के बाद शहर में अब खुलेंगे सरस दूध सेंटर

## पुराने बाईपास चंद्रशेखर आजाद गेट के पास लगी दुकान, जल्द शुरू होगा काम

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ,( राजू शर्मा )।** नगर पालिका की लापरवाही से एक वर्ष के अंतराल के बाद शहर में सरस दूध सेंटर शुरू होने जा रहे हैं। जिनका काम भी शुरू हो गया है। पहला सेंटर शहर के पुराने बाईपास चंद्रशेखर आजाद गेट के बाद खोला जा रहा है।जिसके लिए अस्थाई दुकान भी रख दी गई है। ऐसे में शहर वासियों को और शुद्ध और ताजा दूध मिल सकेगा साथ में सरस के उत्पादन भी उपलब्ध होंगे। सरस् दूध सेंटर की अस्थाई दुकान को लेकर काम शुरू कर रहे अमित शुक्ला ने बताया कि उनकी पत्नी अनुराधा शुक्ला के नाम एक वर्ष पूर्व यह अस्थाई दुकान नगर पालिका द्वारा लॉटरी चयन से मिली थी। लेकिन नगर पालिका द्वारा दुकान को शुरू करने की स्वीकृति बाद में अटका दी गई। जिसके चलते उनको रोजगार के लिए करीब एक वर्ष का लंबा इंतजार करना पड़ा। बाद में काम नही हुआ तो न्यायालय की शरण मे जाना पड़ा जिसके बाद न्यायालय के हस्तक्षेप पर उन्हें अब स्वीकृति दी गई है। ऐसे में उन्होंने अस्थाई लोहे का खोखा रखवाया है। जिसमें दूध सेंटर को लेकर काम चल रहा है। एक दो दिन के अंदर दुकान को शुरू कर दिया जाएगा।

**शहर में दो अन्य स्थानों पर भी शुरू होंगे सेंटर :** नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक मजीद खान ने बताया कि शहर में शुरुआत में तीन सेंटर शुरू किया जा रहे हैं। जिनमें पहला सेंटर पुराना बाईपास चंद्रशेखर आजाद गेट के पास अनुराधा पत्नी अमित कुमार शर्मा के नाम से,दूसरा सेंटर धौलपुर रोड हाईवे बाईपास कप्तान ढाबे के पास ऋषभ कुमार पुत्र ताराचंद के नाम से और तीसरा सेंटर हरा झंडा गुमट में संजय कुमार के नाम से स्वीकृत हुआ है। जिनका काम शुरू कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन से ट्रैफिक अनुमति के साथ सभी फॉर्मेलिटी पूरी कर ली गई है।

**दूध के साथ सरस के सभी उत्पाद मिलेंगे सेंटर पर**

उक्त सेंटरों पर ताजा दूध के साथ दूध से बने सरस डेरी के सभी उत्पाद उपलब्ध होंगे। जो निश्चित रेट पर आम जन को दिए जाएंगे। सभी सेंटरों की निगरानी नगर पालिका द्वारा की जाएगी।

# जेसीआई के लॉट्स प्रोग्राम में बूंदी ऊर्जा चैप्टर ने अपनी शानदार उपस्थिति कराई दर्ज



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** जेसीआई कहां यह कार्यक्रम ऑफिसर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम है इस कार्यक्रम में चैप्टर की अध्यक्ष अंशुल भंडारी, सचिव अंकिता नुवाल एवं उपाध्यक्ष मैनेजमेंटअनुपमा जैन शामिल हुईं। इस कार्यक्रम के प्रशिक्षक राखी जैन, योगेश चांडक एवं अनीश माहेश्वरी रहे तीनों ही ट्रेनर्स ने बहुत ही अच्छी तरह से जेसीआई के कार्य के बारे में सभी को समझाया। इस कार्यक्रम में अंशुल जैन की टीम को सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार दिया गया। अनुपमा जैन को सबसे अधिक सक्रिय प्रतिभागी के रूप में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सभी सदस्यों को उनके पदों के दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, विभिन्न प्रकार के खेलों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। ख्याति भंडारी और नंदनी विजय ने भी जोन ऑफिसर ट्रेनिंग सेमिनार में भाग लिया। उनकी बैठक भी सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

इस अवसर पर अंशुल जैन ने जेसीआई फाउंडेशन में अपना योगदान दिया, जिसके लिए उन्हें बधाई दी गई।

यह कार्यक्रम जेसीआई सदस्यों के लिए एक यादगार अनुभव रहा। इसने न केवल उनके नेतृत्व कौशल को निखारा, बल्कि उन्हें एक-दूसरे के साथ जुड़ने का भी मौका दिया। ख्याति भंडारी और नंदनी विजय ने भी जोन ऑफिसर ट्रेनिंग सेमिनार में भाग लिया ।

# वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह



बढ़ता राजस्थान

**बसेड़ी, ( राजू शर्मा )।** बसेड़ी उपखंड के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दिनकटा में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि दौपुरा सरपंच प्रमोद शर्मा उर्फ हप्पू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीईईओ राजाराम यादव द्वारा की गई। मंच संचालन इंद्रराज पोशवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई । इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय हित में कार्य करने वाले शिक्षक एवं भामाशाहों और मंचासीन अतिथियों का माला स्वाफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया एवं गत वर्ष उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाले छात्र छात्राओ व उत्कृष्ट सेवा देने वाले शिक्षकों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतुल कुमार गोयल, सुभाष सिंह,ओमवीर,मंगल सिंह,सिकंदर, लोकेश,महेंद्र सिंह,शोभाराम मौजूद रहे।

## अब आधार से जुड़ेगी जमाबंदी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** फार्मर रजिस्ट्री कृषि एवं संबंधित विभाग के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्टर एयीस्टैक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूरे देश में किसानों के लिए एक व्यापक और एकीकृत रजिस्ट्री बनाने का कार्य किया जा रहा है। यह रजिस्ट्री किसानों के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं उनका लाभ सभी लाभार्थियों तक कुशलता एवं शीघ्रता से पहुंचाने के लिये महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

जिले की समस्त ग्राम पंचायतां पर फार्मर रजिस्ट्री के शिविर 5 फरवरी से आयोजित किये जायेंगे। शिविरों में इस योजना के अन्तर्गत किसान की जमाबंदी भू-अभिलेख को उसके आधार कार्ड से जोड़कर एक यूनिक आई.डी. बनाई जाएगी जिससे भविष्य में किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं कृषि विभाग की अन्य योजनाओ का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके। फार्मर रजिस्ट्री के कैम्प 5 फरवरी को तहसील धौलपुर की ग्राम पंचायत तगावली, तहसील मनियां की ग्राम पंचायत मनियां, तहसील सैपऊ की ग्राम पंचायत निधेरा कलां, तहसील बसईनबाब की ग्राम पंचायत नंदपुरा, तहसील राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत बसईघीयाराम, तहसील बाड़ी की ग्राम पंचायत धनौरा, तहसील बसेड़ी की ग्राम पंचायत नादनपुर, तहसील सरमथुरा की ग्राम पंचायत पिपरेंट में आयोजित किये जायेगे।

# डांग के उवासा मोड़ पर सड़क दुर्घटना एक युवक की मौत, महिला सहित दो घायल

## बजरी ट्रैक्टर ने पीछे से मारी बाइक को टक्कर, उछलकर दूर जा गिरे दो घायल, बाइक में फसने से विशाल की मौत, दो सकुशल बची

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी, ( राजू शर्मा )।** उपखंड के सोने का गुर्जा थाना क्षेत्र के उवासा मोड पर सोमवार को दिन में ट्रैक्टर और बाइक के बीच भिड़न्त का मामला सामने आया है। जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौत हुई है। वही एक महिला सहित दो लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना में एक वर्षीय बालिका पूरी तरह सुरक्षित है। जिसको कोई चोट नहीं आई है। घटना के बाद परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सड़क दुर्घटना में बजरी से भरे ट्रैक्टर द्वारा बाइक को पीछे से टक्कर मारी गई है। मामले को लेकर मृतक विशाल पुत्र कन्हैया गुर्जर (32 वर्ष ) के भांजे बबलू पुत्र कल्लू निवासी एतराज का पुरा ने बताया कि वह अपने मामा विशाल और माई रवीना के साथ उनकी एक वर्षीय बेटी को लेकर बाइक से उनके गांव सुखसिंह का पूरा सायपुर जा रहा था। इस दौरान पीछे से आए बजरी ट्रैक्टर ने उनको टक्कर मार दी। इस दौरान टक्कर से वह खुद और उनकी माई रवीना तो दूर जाकर गिरे लेकिन मामा विशाल बाइक में फंस गए और ट्रैक्टर उनके ऊपर से होकर निकल गया। घटना के बाद उन्होंने जैसे तैसे फोन करके ग्रामीणों को बुलाया। जहां से उनको बाड़ी अस्पताल लाया गया जहां मौजूद डॉक्टरो ने विशाल को मृत घोषित कर दिया।

**मृतक विशाल करता था मार्बल का काम,छोड़ गया छह बच्चों और पत्नी को रोते बिलखते हुए :** घटना में घायल हुए भांजे बबलू ने बताया कि उनका मामा विशाल मार्बल का काम करता था। जो कभी हैदराबाद तो कभी अन्य प्रांत में जाता था । उसके तीन लड़के और तीन लड़कियां हैं जो सभी छोटे-छोटे है। पत्नी सहित उनको अकेला छोड़ गया है।

### इनका कहना है

घटना को लेकर सोने का गुर्जा थाने के एएसआई एवं जांच अधिकारी कम्पोटर सिंह ने बताया की आज दिन मे करीब 2 से 3 बजे के बीच उवासा मोड़ पर यह सड़क दुर्घटना हुई है। जिसमें ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मारी है। उक्त दुर्घटना में सुखसिंह का पूरा सायपुर निवासी 32 वर्षीय विशाल पुत्र कन्हैया गुर्जर की मौत हुई है।

वही बबलू पुत्र कल्लू गुर्जर और रवीना पत्नी विशाल घायल है। मृतक विशाल के शव का पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच की जा रही है।

# सीएमएचओ डॉ. मीणा ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

## गंदगी देख जताई नाराजगी, चिकित्सा अधिकारी को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तसीमो और कैंथरी का औचक निरीक्षण किया, जहां उन्होंने साफ-सफाई और चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पीएचसी तसीमो पर गंदगी पाए जाने और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि साफ-सफाई के कार्य में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सफाई व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्र पर कई कमरों में सीलन आ रही थी, जिस पर उन्होंने चिकित्सा अधिकारी को सुधार हेतु एस्टीमेट बनवाकर भिजवाने के निर्देश दिए ताकि आगामी कार्यवाही की जा सके।

इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैंथरी के निरीक्षण के दौरान यह संज्ञान में आया कि भवन के अभाव में पीएचसी उप उपस्वास्थ्य केंद्र में संचालित है। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को नवीन भवन के लिए भूमि आवंटन हेतु पटवारी और सरपंच से मिलकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिससे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुचारू रूप से संचालित हो सके और राज्य सरकार की मंशानुरूप आमजन को उनके घर के नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके। उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना, मुफ्त जांच और दवा वितरण जैसी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कार्मिकों को निर्धारित ड्रेस कोड में नियमित समय पर मुख्यालय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

# 28-29 जनवरी को विशाल सफाई अभियान का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत जिला कलक्टर के निर्देशन में दिनांक 28 और 29 जनवरी 2025 को समस्त ग्राम पंचायतों में एक विशाल सफ़ाई अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान जिले के समस्त गांवों में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता को बढ़ावा देना और जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना एव दृश्यमान स्वच्छता को बढ़ावा देना है।

जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने बताया कि अभियान में स्थानीय पंचायतों के समस्त गांवों में स्वयंसेवी संगठनों, स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। सफ़ाई अभियान के तहत मुख्य रूप से कचरे का निस्तारण, जल स्रोतों की सफ़ाई, सार्वजनिक स्थानों, सड़क किनारे झाड़ियो की कटाई, लिगेसी वेस्ट हटाने और मुख्य मार्गों एवं पंचायत भवनों की सफाई की जाएगी।

बैरवा ने सभी पंचायतों के आमजनों, नागरिकों और विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं, युवा समूहों से भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। साथ ही, अभियान में हिस्सा लेने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि सफाई कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। विशाल सफाई अभियान मे सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अभियान के दौरान ग्राम पंचायतों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए व्यापक जागरूकता फैलाने के साथ-साथ जुट और कपड़े से बने बेग का उपयोग किये जाने के लिये भी लोगों को प्रेरित किया जायेगा।

यह पहल पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम के उद्देश्य से की जा रही है। सिंगल यूज़ प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के बैगों का उपयोग करने से न केवल पर्यावरण को बचाया जा सकेगा, बल्कि यह ग्रामीण इलाकों में प्लास्टिक की समस्या को भी कम करेगा। अभियान के दौरान प्रत्येक गांव में जुट और कपड़े के बैग का ग्रामीणों द्वारा प्रयोग किया जावें इसके उन्हे जागरूक किया जावेगा ताकि ग्रामीणों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का विकल्प उपलब्ध कराया जा सके। इसके साथ ही, ग्रामीणों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खतरों और इसके पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में जानकारी भी दी जाएगी।

# गांव-गांव में लहराया तिरंगा, गूंजे देशभक्ति के तराने

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा ( नि.स. )।** गणतंत्र दिवस पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों पर तिरंगा फहराया गया। विद्यालयों में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

कस्बे सहित पराना, हतौना, मंडावर, चिरोंज, देवली-भांची, बरौनी आदि उच्च माध्यमिक विद्यालयो में पंचायत स्तरीय मुख्य समारोह हुए। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट करते हुए ध्वज को सलामी दी। मुख्य समारोह में छात्र-छात्राओं ने पीटी व व्यायाम का प्रदर्शन कर अभिभूत किया।

# बच्चे कहते थे- पापा घर क्यों बैठे हैं : बॉबी

## बुरे दौर में क्लब में डीजे बने, लेकिन फिर एनिमल ने रातों रात बदली किस्मत

फिल्मी दुनिया में कमबैक का असली मतलब क्या होता है, यह बॉबी देओल ने बखूबी करके दिखाया। फिल्म एनिमल के जरिए उन्होंने बड़े पर्दे पर ना सिर्फ शानदार वापसी की, बल्कि उन्हें वो पॉपुलैरिटी भी मिली, जो अब तक के करियर में कभी नहीं मिली थी। आज वे अपने करियर के अच्छे मुकाम पर हैं। उनके पास कई फिल्मों के ऑफर भी हैं। सुपरस्टार धर्मेंद्र के बेटे और सनी देओल के छोटे भाई होने के बावजूद बॉबी को सफलता का स्वाद चखने से पहले कई असफलताओं का सामना करना पड़ा। उनकी जिंदगी में एक समय ऐसा भी आया जब अचानक से उनका नाम कहीं गुम सा हो गया था। इतना ही नहीं सालों तक किसी ने भी उन्हें कास्ट नहीं किया, जिसके कारण उन्हें शराब की लत लग गई थी। काम का ऐसा सूखा पड़ा कि उन्होंने हाई प्रोफाइल नाइटक्लब और पब्स मे बतौर डीजे भी काम किया। यहां तक कि जब वे घर पर बैठे रहते थे, तो उनके बच्चे यह सोचने लगे थे कि उनके पिता कुछ नहीं करते और मम्मी काम पर जाती हैं।





### 6 साल की उम्र में शुरू की एक्टिंग, 1995 में बने

हीरो बॉबी देओल के एक्टिंग करियर की शुरुआत महज 6 साल की उम्र में हो गई थी, जब उन्होंने 1977 में अपने पिता की रिलीज फिल्म धरम वीर में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम किया। 1995 में बॉबी ने अपने पिता धर्मेंद्र के प्रोडक्शन हाउस विजेता फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म बरसात से बतौर हीरो करियर की शुरुआत की। इसमें उनके साथ ट्विंकल खन्ना भी नजर आईं। ये उनकी भी डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म को राजकुमार संतोषी ने डायरेक्टर किया था। इसे बनने में करीब 4 साल का समय लगा था। फिल्म सुपरहिट थी। फिल्म का बजट 8 करोड़ रुपए था, जबकि इसने 33 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया।

### लगातार फिल्मों के फ्लॉप होने से टूट गए थे बॉबी

बॉबी को अपनी पहली ही फिल्म बरसात के लिए बेस्ट मेल डेब्यू का अवॉर्ड मिला। बॉबी का नाम उस वक्त मोस्ट स्टाइलिश एक्टर की लिस्ट में शुमार हो गया था। आलम यह था कि लोग उनके लुक और हेयरस्टाइल को कॉपी करते थे। लेकिन %बरसात% के बाद उनकी सिर्फ 3 फिल्में- गुप्त (1997), सोल्जर (1998) और बादल (2000) ही हिट साबित हुईं। इसके बाद बॉबी ने किस्मत, बर्दाश्त, अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों, झूम बराबर झूम, नन्हे जैसलमेर और पोस्टर ब्वायज जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन यह सभी फिल्में फ्लॉप हो गईं।

### जब पिटने लगीं फिल्में, तो नशे में डूब गए बॉबी

बॉबी देओल की जिंदगी में एक दौर ऐसा भी आया था, जब लगातार फ्लॉप फिल्मों के कारण उन्हें 2014 से 2016 तक कोई काम नहीं मिला, जिससे वे काफी निराश हो गए और शराब के नशे में डूब गए थे। यहां तक कि वे हाई प्रोफाइल नाइटक्लब और पब्स मे बतौर डीजे भी काम करने लगे थे।

### बच्चों की खातिर किया कमबैक

बॉबी ने एक इंटरव्यू में कहा था, 'एक दिन जब मैंने अपने बच्चों को देखा तो मुझे समझ आया कि मैं गलती कहां कर रहा हूं। उनकी आंखों को देखकर मुझे लगा कि वो सोच रहे थे कि पापा तो दिन भर घर पर ही रहते हैं। यही इमोशन मेरी मां और पत्नी की भी आंखों में दिखा तो मुझे एहसास हुआ कि अब आगे बढ़ना चाहिए। मैं किसी और के भरोसे नहीं रह सकता, मुझे खुद ही अकेले आगे बढ़ना होगा। तब मैंने खुद पर काम करना शुरू किया।'

### करियर के सेकेंड इनिंग का क्रेडिट सलमान को देते हैं बॉबी

बॉबी अपने करियर के सेकेंड इनिंग का क्रेडिट सलमान खान को देते हैं। बॉबी ने एक इंटरव्यू में कहा था- मुझे याद है कि एक दिन अचानक से सलमान का कॉल आता है और वो मुझसे कहते हैं कि मामू शर्ट उतारेगा?। मैंने कहा मैं कुछ भी करने को तैयार हूं। कुछ इस तरह मुझे रेस 3 का ऑफर मिला था।' हालांकि, ये फिल्म उम्मीद के हिसाब से नहीं चली। लेकिन बॉबी को इसके बाद कुछ चुनिंदा फिल्में जरूर मिल गईं। 2018 में फिल्म यमला पगला दीवाना॑ फिर से और 2019 में हाउसफुल 4 में बॉबी नजर आए थे।

### ओटीटी में कदम रखते ही बदली बॉबी की किस्मत

बॉबी देओल ने 2020 में फिल्म क्लास ऑफ 83 से ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू किया था। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की इस सीरीज में वे एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आए थे। इसके बाद उन्हें एमएक्स प्लेयर की सीरीज आश्रम में देखा गया। आश्रम और आश्रम 2 में बाबा के किरदार को निभाने वाले बॉबी देओल को दर्शकों से खूब सराहना मिली थी। इसके बाद वे 2022 में लव हॉस्टल में भी नजर आए थे।

### फिल्म एनिमल साबित हुई बॉबी के करियर का टर्निंग प्वाइंट

साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म एनिमल में बॉबी ने विलेन का किरदार निभाया था। उनका रोल 15 से 20 मिनट का था। लेकिन बिना कुछ बोले जिस तरह से उन्होंने अपने किरदार को निभाया था, उसे देखकर हर कोई दंग था। इस फिल्म के बाद से ही उनके फैंस प्यार से उन्हें लॉर्ड बॉबी बुलाने लगे। बड़ी बात यह है कि उनके 30 सालों के करियर में एनिमल ही ऐसी फिल्म है, जो उनकी पहली ब्लॉकबस्टर साबित हुई। इससे पहले उनकी सिर्फ 6 फिल्में ही हिट हुई हैं। ये हैं-बरसात, गुप्त, सोल्जर, बादल, यमला पगला दीवाना और हाउसफुल 4।

### कुछ इस तरह मिली थी बॉबी को फिल्म एनिमल

फिल्म एनिमल के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के मुताबिक, उन्होंने बॉबी देओल को फिल्म में कास्ट करने का फैसला उनकी एक तस्वीर देखकर किया था। दरअसल, बॉबी देओल ष्टष्टरु (सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग) का एक मैच देखने स्टेडियम पहुंचे थे। बड़ी-बड़ी दाढ़ी में उनकी आंखें बेहद एक्सप्रेसिव लग रही थीं, ऐसा लग रहा था जैसे वो अपनी आंखों से बात कर रहे हों। चूंकि फिल्म में विलेन का किरदार म्यूट रहने वाला था, उनका यह लुक बिल्कुल फिट बैठ रहा था।

### एनिमल के बाद साउथ में चमकी बॉबी की किस्मत



एनिमल फिल्म की रिलीज के बाद बॉबी देओल को सबसे ज्यादा साउथ सिनेमा में कास्ट किया जा रहा है। हाल ही में उनकी फिल्म कंगुवा और डाकू महाराज रिलीज हुई है। इन दोनों ही फिल्मों में बॉबी विलेन के रोल में नजर आए हैं। कंगुवा की बात करें तो सूर्या की कंगुवा कॉलीवुड (तमिल) इंडस्ट्री की सबसे महंगी फिल्मों में से एक है, जो लगभग 350 करोड़ रुपए के बजट पर बनी है। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही। ट्रेड एनालिस्ट अतुल मोहन के मुताबिक, एनिमल फिल्म वास्तव में बॉबी देओल के लिए कमबैक साबित हुई। इस फिल्म से उनके करियर को एक नया मोड़ मिला और दर्शकों ने इसे बहुत पसंद किया। बॉबी ने जिस तरीके से बिना डायलॉग्स के केवल अपनी बॉडी लैंग्वेज और आंखों से अपने किरदार को जीवंत किया, वह वाकई एक बड़ी चुनौती थी। इसके बाद फिल्म इंडस्ट्री में बॉबी की डिमांड बढ़ गई। खासकर साउथ इंडस्ट्री में, जहां उन्होंने पहले भी कुछ फिल्में की हैं। उनकी फीस में शायद ज्यादा बदलाव नहीं आया, लेकिन उनकी बढ़ती पॉपुलैरिटी और एक्टिंग में आए नए बदलाव को देखकर ये कहा जा सकता है कि उनका करियर नए मुकाम पर पहुंच चुका है। अतुल ने कहा कि बॉबी देओल का विलेन के रोल में आना भी उनकी इमेज के लिए फायदेमंद साबित हुआ है। पहले भी वह हीरो के तौर पर हिट फिल्में दे चुके थे, लेकिन अब विलेन के रोल में उन्होंने अपनी एक्टिंग को और गहरा किया है।

### बॉबी के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

**अल्फा :** वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी लीड रोल में होंगी। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में विलेन के रूप में बॉबी देओल होंगे। यह फिल्म 25 दिसंबर 2025 में रिलीज होगी।

**थलपति 69 :** इस फिल्म में तमिल एक्टर थलपति विजय लीड रोल में नजर आएंगे। जबकि बॉबी देओल विलेन बनेंगे। यह तमिल राजनीति पर आधारित एक एक्शन ड्रामा है, जो 2025 के अंत में रिलीज होने की प्लानिंग है।

**आश्रम सीजन 4 :** वेब सीरीज आश्रम के चौथे सीजन में बॉबी बाबा निराला के रूप में वापसी करेंगे। हालांकि, रिलीज की तारीख अभी तक पक्की नहीं हुई है, लेकिन उम्मीद है कि यह सीजन 2025 के अंत तक रिलीज होगा।


**अनटाइटल्ड फिल्म :** कहा जा रहा है कि बॉबी देओल जल्द ही फिल्म प्रोड्यूसर अनुराग कश्यप की अगली फिल्म में नजर आ सकते हैं। यह हिंदी थ्रिलर फिल्म हो सकती है, जिसमें मलयालम अभिनेता-निर्देशक जोजू जॉर्ज बॉलीवुड डेब्यू करेंगे।



## स्वास्थ्य समाचार

# चिंता और तनाव को दूर करने के लिए करें शशांकासन, इसे करने का तरीका

आज के दौर में तनाव और स्ट्रेस की वजह से लाखों लोग परेशान है। दरअसल, काम का बोझ, परिवार की फाइनेंशियल कंडीशन और अन्य कारणों से अधिकतर लोगों को स्ट्रेस का सामना करना पड़ता है। मानसिक स्थिति और सेहत से जुड़ी अन्य समस्याओं को दूर करने के लिए आप योग कर सकते हैं। वर्षों से भारत में योग के द्वारा कई रोगों को दूर करने का कार्य किया जा रहा है। इस लेख में आपको शशांकासन के फायदों के बारे में बताया जा रहा है।



### तनाव से राहत

आज के समय अधिकतर लोगों को किसी न किसी चीज को लेकर तनाव रहने लगा है। इस समस्या से बचने के लिए आप शशांकासन का अभ्यास कर सकते हैं। इससे मन शांत होता है और स्ट्रेस कम होने लगता है। इस आसन में रीढ़ की हड्डी में खिंचाव होता है, जिससे मांसपेशियों को आराम मिलता है। इससे धीरे-धीरे तनाव और स्ट्रेस कम होने लगता है।

### पाचन क्रिया को सुधारें

शशांकासन में पेट पर दबाव उत्पन्न होता है। इससे पाचन क्रिया बेहतर होती है और मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। पेट की मांसपेशियों के दबाव से पोषक तत्वों का अवशोषण तेजी से होता है। साथ ही, पेट की गैस, सूजन और कब्ज को दूर करने में मदद मिलती है।

### रीढ़ की हड्डी का दर्द दूर होता है

शशांकासन से रीढ़ की हड्डी पर खिंचाव होता है, इससे रीढ़ की हड्डी का एलाइनमेंट में सुधार होता है। साथ ही, आपके बैठने के पोश्चर में सुधार होता है। इससे रीढ़ की हड्डी में लचीलापन आता है। इस आसन के नियमित अभ्यास से आप पीठ की समस्याओं में आराम मिलता है।


### फेफड़े मजबूत बनाएं

शशांकासन के अभ्यास में जब आप गहरी और लंबी सांस लेते हैं, तो इससे फेफड़े मजबूत बनते हैं। साथ ही, फेफड़ों की कार्यक्षमता में सुधार होता है। इससे सीने की मांसपेशियां की अकड़न दूर होती है और आपके शरीर को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन मिलती हैं। जिससे आप एनर्जेटिक महसूस करते हैं।

### नर्वस सिस्टम को आराम पहुंचाएं

शशांकासन के नियमित अभ्यास से पैरासिम्पेथेटिक तंत्रिका तंत्र सक्रिय होता है। इससे आपका तनाव तेजी से दूर होता है। साथ ही, चिंता और अनिद्रा की समस्या में भी कमी आने लगती है। इस आसन से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है।

# सब्जा सीड्स के साथ करें नारियल पानी का सेवन, मिलेंगे अनोखे फायदे





रोजाना सुबह के समय नारियल पानी पीने से शरीर को अद्भुत फायदे मिलते हैं। नारियल पानी का सेवन करने से शरीर को हाइड्रेट करने में मदद मिलती है। नारियल पानी घुलनशील फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है। इसमें कैलोरी की मात्रा भी बेहद कम होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं, नारियल पानी में कुछ चीजें मिला देने से इसके फायदे दोगुने हो जाते हैं। वजन कम करने से लेकर हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर जैसी परेशानियों में फायदा पाने के लिए नारियल पानी में सब्जा सीड्स या तुलसी के बीज मिलाकर पीने से अद्भुत फायदा मिलता है। नारियल पानी मेंन मैग्नीशियम, पोटैशियम, एलेक्ट्रोलाइट्स, विटामिन समेत कई मिनरल्स पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से शरीर मेंन पानी की कमी दूर करने से लेकर कई गंभीर समस्याओं से छुटकारा पाने मेंन फायदा मिलता है। वहीं सब्जा या तुलसी के बीज भी अनेकों पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। सब्जा सीड्स का इस्तेमाल पुराने समय से ही पारंपरिक चिकित्सा मेन किया जा रहा है।

### वजन कम करने में फायदेमंद

नारियल पानी के साथ सब्जा सीड्स का सेवन करने से वजन कम करने में बहुत फायदा मिलता है। इसमें घुलनशील फाइबर, एंटी-ऑक्सीडेंट समेत कई ऐसे गुण पाए जाते हैं, जो वजन कम करने में बहुत उपयोगी होते हैं।

### पेट और पाचन के लिए फायदेमंद

पेट और पाचन तंत्र से जुड़ी परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए भी नारियल पानी और सब्जा सीड्स का सेवन करना फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से एसिडिटी, अपच, पेट में सूजन समेत कई समस्याओं में फायदा मिलता है। इसका सेवन करने से शरीर में एचसीएल के अम्लीय प्रभाव को कम करने और पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में मदद मिलती है।

### शरीर में पानी की कमी दूर करे

शरीर में पानी की कमी दूर करने के लिए भी नारियल पानी के साथ सब्जा सीड्स का सेवन फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से शरीर में एलेक्ट्रोलाइट्स की भी आपूर्ति होती है।

### पोषक तत्वों से भरपूर

सब्जा सीड्स प्रोटीन, कैल्शियम, फाइबर, मैग्नीशियम और आयरन आदि से भरपूर होते हैं। नारियल पानी के साथ इसका सेवन करने से शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वों की आपूर्ति होती है और बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद मिलती है।

### कैसे करें सब्जा सीड्स और नारियल पानी का सेवन

सब्जा सीड्स और नारियल पानी का सेवन करने के लिए सबसे पहले आप आधा कप सामान्य पानी लें। इसमें आधा चम्मच सब्जा सीड्स को 20 मिनट के लिए भिगो दें। अब एक गिलास ताजा नारियल पानी लें और भिगोए हुए सब्जा सीड्स को इसमें मिला लें। अब आपका नारियल पानी तैयार है।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# राजस्थान में माइनस में पहुंचा पारा, बर्फ जमने लगी

## एक दिन में 4 डिग्री लुढ़का पारा, 2-3 फरवरी को बदलेगा मौसम, बारिश होगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में फिर से माइनस में पारा चला गया और बर्फ जमने लगी। सीकर के फतेहपुर में सोमवार सुबह माइनस 0.5 तापमान रिकॉर्ड हुआ। यहां पानी फिर से बर्फ बनने लगी है। रविवार को भीलवाड़ा, जयपुर, कोटा समेत कुछ शहरों में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। फरवरी के पहले सप्ताह में एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आने की भी संभावना है। इसके प्रभाव से कुछ शहरों में बारिश भी हो सकती है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, राज्य के लोगों को अभी तेज सर्दी से तीन दिन तक राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। 29 जनवरी से राजस्थान की हवाओं में बदलाव होने के बाद सर्दी से कुछ राहत मिलने की संभावना है।

पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान में मौसम बिल्कुल साफ रहा। सभी शहरों में दिन में तेज धूप रही। जयपुर में कल दिन का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में अलसुबह सूरज उगने के साथ ही तेज धूप शुरू हो गई, जिससे लोगों को सर्दी से राहत मिली।

पिलानी में कल (रविवार) अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस, सीकर में 21.5, कोटा में 23.4, चित्तौड़गढ़ में 26.5, उदयपुर में 22.4, बाड़मेर में 27.4, जैसलमेर में 25.5, जोधपुर में 25.8, बीकानेर में 25.8, करौली में 26.5, दौसा में 25.7 और अजमेर में अधिकतम तापमान 24.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### चूरू, सीकर में इस जनवरी की सबसे सर्द रात

कल शेखावाटी के एरिया में कड़ाके की सर्दी रही। यहां चूरू, सीकर में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। सीकर में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस और चूरू में 3.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। ये इस सीजन जनवरी माह का इन दोनों ही शहरों का सबसे कम तापमान दर्ज हुआ। इसके अलावा कोटा में भी कल इस सीजन जनवरी माह की सबसे सर्द रात रही, जहां न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### 2 फरवरी से बदल सकता है मौसम

राजस्थान में फरवरी के पहले सप्ताह से मौसम बदल सकता है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक 2 फरवरी से एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के जम्मू-कश्मीर एरिया में एक्टिव को सकता है। इसका प्रभाव हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में



देखने को मिल सकता है। राजस्थान में इस सिस्टम का असर उत्तर-पूर्वी हिस्सों में देखने को मिल सकता है।

### अब आगे क्या?

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राजस्थान में 28 जनवरी तक प्रदेश में मौसम बिल्कुल साफ रहने और धूप निकलने की संभावना जताई है। रात में तापमान में गिरावट होने से सुबह-शाम सर्दी थोड़ी तेज रहेगी, जबकि दिन में धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत मिलने की उम्मीद है। 29 जनवरी को एक स्थानीय स्तर पर सिस्टम एक्टिव होने की संभावना है, जिसके प्रभाव से भरतपुर, जयपुर संभाग के जिलों में कुछ जगह पर बादल छा सकते हैं, लेकिन बारिश होने की संभावना बहुत ही कम है।

# राजस्थान हाईकोर्ट के तीन नवनियुक्त जजों ने ली शपथ

### अब न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 33 हुई, एससी में स्वीकृत पदों के मुकाबले 17 न्यायाधीश कम



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में 3 नव नियुक्त जजों ने शपथ ग्रहण की है। हाईकोर्ट की मुख्य पीठ जोधपुर में मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने नव नियुक्त जज चंद्रशेखर शर्मा, प्रमिल कुमार माथुर और चंद्र प्रकाश श्रीमाली को शपथ दिलाई। इसके साथ ही राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। तीनों 1992 बैच के न्यायिक अधिकारी हैं। इससे पहले गत वर्ष अक्टूबर माह में भी राजस्थान हाईकोर्ट को तीन और न्यायाधीश मिले थे। उनमें 2 पंजाब, 1 हरियाणा हाईकोर्ट से और एक तेलंगाना हाईकोर्ट से थे। इसमें पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश अवनीश झिंगन और न्यायाधीश अरुण मोंगा, तेलगांना हाईकोर्ट के न्यायाधीश मुन्नूरी लक्ष्मण का राजस्थान तबादला किया गया था।

**5 जज होंगे रिटायर**–राजस्थान हाईकोर्ट में 50 जजों की स्वीकृत संख्या है। इस समय हाईकोर्ट में कुल 33 जज नियुक्त हो चुके हैं। हाईकोर्ट में स्वीकृत पदों के मुताबिक अब भी 17 जज कम हैं। हालांकि, इनमें से जनवरी में जस्टिस पंकज भंडारी, जस्टिस मदन गोपाल व्यास, मई में जस्टिस बीरेंद्र कुमार, सितंबर में जस्टिस नरेंद्र ढड्ढा और नवंबर में जस्टिस मनोज कुमार गर्ग रिटायर हो जाएंगे।

# राजस्थान में 1100 रुपए सस्ती हुई चांदी, 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत 400 घटकर पहुंची 82,200



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** दुनियाभर में आई अस्थिरता के बाद कीमती धातुओं की कीमत में बदलाव का सिलसिला शुरू हो गया है। पिछले दिनों आई तेजी के बाद सोमवार को सर्राफा बाजार खुलने के साथ ही सोने और चांदी की कीमत में बड़ी गिरावट आई है। जिसके बाद राजस्थान में 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत 400 रुपए घटकर कर जहां 82 हजार 200 रुपए पर पहुंच गई है। वहीं चांदी प्रति किलो की कीमत में 1100 रुपए की कमी आई है। जिसके बाद एक किलो चांदी की कीमत 92 हजार 400 रुपए पर आ गई है। जयपुर के सर्राफा व्यापारी शंकर सोनी ने बताया कि दुनियाभर में हो रहे बदलाव की वजह से सोने और चांदी की कीमत में भी लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। ऐसे में आने वाले एक सप्ताह में स्टैंडर्ड सोने की कीमत में जहां तेजी देखने को मिल सकती है। वहीं चांदी प्रति किलो की कीमत में बड़ा बदलाव हो सकता है।

जयपुर सर्राफा कमेटी की और से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82 हजार 200 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 77 हजार रुपए पहुंच गई है।



# अमित शाह ने महाकुंभ में डुबकी लगाई

### अक्षयवट के दर्शन किए, संतों के साथ भोजन किया; योगी को रामदेव ने योग कराया

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को महाकुंभ पहुंचे और डुबकी लगाई। उनके साथ सीएम योगी, जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि और योग गुरु बाबा रामदेव ने भी संगम में स्नान किया।

योगी और संतों ने शाह पर पानी डाला। करीब 10 मिनट तक संगम स्नान किया। शाह को संतों ने मंत्रोच्चार के बीच आचमन कराया। इस दौरान सीएम योगी ने रामदेव के साथ योग किया।

स्नान के बाद शाह ने संगम पर परिवार के साथ पूजा की। इसके बाद शाह अक्षयवट पहुंचे। यहां से स्वामी अवधेशानंद के आश्रम में पहुंचे और भोजन किया। शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटा जय शाह, बहू रिशिता, दोनों पोतियां और नवजात पोता भी महाकुंभ आए।

शाह का विमान सुबह साढ़े 11 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। सीएम योगी, दोनों डिप्टी सीएम केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक ने उनका स्वागत किया। शाह वहां से क्रस्त्र हेलिकॉप्टर से दिल्ली पब्लिक स्कूल पहुंचे। फिर कार से अरैल घाट गए। स्टीमर से वीआईपी घाट पहुंचे। इस दौरान सीएम योगी और संत भी उनके साथ रहे। शाह ने पक्षियों को दाना खिलाया।

### जय शाह के नवजात बेटे को संतों ने दिया आशीर्वाद

अमित शाह अपने नवजात पोते को भी महाकुंभ में साथ लेकर आए। एक वीडियो में संत उसे आशीर्वाद देते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में जय शाह अपने बेटे को संतों के पास ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान अमित शाह भी संतों के साथ ही खड़े हैं। यहां उनके साथ जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि और योग गुरु बाबा रामदेव भी दिख रहे हैं। इसके बाद अमित शाह अपने पोते को हाथ में लेकर संतों से उसे आशीर्वाद दिलवाते हैं। दादा, पिता और पोता तीनों ही भगवा कपड़े पहने हैं। नवंबर, 2024 में जय शाह तीसरी बार पिता बने थे।

# वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी की मंजूरी

### इसमें 14 बदलाव, बोर्ड में 2 गैर-मुस्लिम मेंबर्स का नियम भी; विपक्ष के सारे सुझाव नकारे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वक्फ बिल में बदलावों को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने सोमवार को मंजूरी दे जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि इस फाइनल मीटिंग में सभी 44 संशोधनों पर चर्चा की गई। इनमें एनडीए सांसद के 14 सुझावों को मंजूरी दे दी गई है। विपक्षी सदस्यों ने भी कुछ प्रस्ताव रखे, लेकिन वोटिंग के दौरान इन्हें नकार दिया गया। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी बजट सत्र के दौरान अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया गया था। वक्फ संपत्तियों को रेगुलराइज करने के लिए बने वक्फ एक्ट 1995 की मिस-मैनेजमेंट, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण जैसे मुद्दों के लिए आलोचना की जाती रही है। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बैठक के बाद कहा कि समिति द्वारा अपनाए गए संशोधन कानून को बेहतर और अधिक प्रभावी बनाएंगे।

## विजय बैंसला बोले- समाज की पीड़ा कब तक दबाकर रखेंगे : सवा साल में गुर्जर आरक्षण से जुड़ा एक मुकदमा वापस नहीं हुआ, सचिन पायलट-हम दूर नहीं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सरकार में एक भी गुर्जर कैबिनेट मंत्री नहीं होने का सियासी मुद्दा छेड़ने वाले बीजेपी नेता विजय बैंसला ने कहा है- यह बात समाज के लोगों से आई थी। समाज के लोग ही कह रहे हैं कि हमारा एक भी मंत्री कैबिनेट में नहीं है। मजा नहीं आ रहा है। कुछ तो करना पड़ेगा। विजय बैंसला ने कहा- समझौता होने के बावजूद पिछले सवा साल में सरकार ने गुर्जर आरक्षण आंदोलन से जुड़ा एक मुकदमा वापस नहीं लिया है। समाज के लोगों की पीड़ा है, कब तक दबाकर रखेंगे, इसमें देरी ठीक नहीं है। एमबीसी आरक्षण को नौवीं अनुसूची में डालने के लिए कई बार लिखा जा चुका है।



# अयोध्या में 20 लाख रामभक्तों की भीड़, 2 की मौत

### अफसरों के छूटे पसीने, बाराबंकी में लोग रोके जा रहे

## 15 लाख श्रद्धालु काशी पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

**अयोध्या ( एजेंसी )।** अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। सोमवार को करीब 20 लाख श्रद्धालु हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन करने पहुंचे हैं। राम मंदिर के आसपास की हर गली, चौराहा राम भक्तों से पट गया है। जिधर देखो लोगों का हुजूम नजर आ रहा है। कल मौनी अमावस्या को देखते हुए ये भीड़ और भी बढ़ सकती है। रामपथ पर दोपहर करीब 12 बजे रामलला के दर्शनार्थियों की कतार में एक महिला गिर पड़ी। पुलिस उन्हें अस्पताल ले गई, मगर उनकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस के मुताबिक, महिला की मौत हार्ट अटैक से हुई है। ऐसा भीड़ की वजह से भी हो सकता है। महिला की पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी विमला (60) के रूप में हुई।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बना

## सीएम धामी बोले- हलाला, एक से ज्यादा शादियों, तीन तलाक पर पूरी तरह रोक लगेगी

बढ़ता राजस्थान

**देहरादून ( एजेंसी )।** उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) आज से लागू हो गया है। मुख्यमंत्री आवास में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इसका ऐलान किया। यह कार्यक्रम सीएम आवास के मुख्य सेवक सदन में आयोजित किया गया।

सीएम धामी ने कहा कि हमने 3 साल पहले जनता से किए गए वादे को पूरा किया। यूसीसी किसी धर्म या वर्ग के खिलाफ नहीं है। इसका उद्देश्य किसी को टारगेट करना नहीं है। सभी को समान अधिकार देना है। 27 जनवरी का दिन समान नागरिकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

धामी ने कहा कि यूसीसी लागू होने से हलाला, बहुविवाह, तीन तलाक पर पूरी तरह रोक लगेगी। इस दौरान धामी ने समान नागरिक संहिता उत्तराखंड-2024 को लागू किए जाने पर नियमावली और पोर्टल का लोकार्पण किया। यह पोर्टल आम जनता के लिए खोल दिया गया है।



### यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तराखंड

उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू होने से समाज में एकरूपता आएगी। राज्य में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार होंगे और दायित्व भी सुनिश्चित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड स्वतंत्र भारत का पहला राज्य बन चुका है, जहां यह कानून प्रभावी हो गया है।

### डीजीपी बोले- हम पूरी तरह तैयार

उत्तराखंड के डीजीपी दीपम सेठ ने कहा कि हम नए कानून यूसीसी को लागू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हमने पहले ही तैयारी कर ली थी। यूसीसी के लिए ट्रेनिंग सेंटर में वर्कशॉप, सेमिनार भी करवाए गए थे। लोग इससे जुड़े पहलू और पॉजिटिव फीचर्स को समझें और अपने रजिस्ट्रेशन करवाएं।

**समान संपत्ति अधिकार:** बेटे और बेटी दोनों को संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा। इससे फर्क नहीं पड़ेगा कि वह किस कैटेगरी के हैं।

**मौत के बाद संपत्ति:** अगर किसी व्यक्ति की मौत जाती है तो यूनिफॉर्म सिविल कोड उस व्यक्ति की संपत्ति को पति/पत्नी और बच्चों में समान रूप से वितरण का अधिकार देता है। इसके अलावा उस व्यक्ति के माता-पिता को भी संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा। पिछले कानून में ये अधिकार केवल मृतक की मां को मिलता था।

**समान कारण पर ही मिलेगा तलाक:** पति-पत्नी को तलाक तभी मिलेगा, जब दोनों के आधार और कारण एक जैसे होंगे। केवल एक पक्ष के कारण देने पर तलाक नहीं मिल सकेगा।

**लिव इन का रजिस्ट्रेशन जरूरी:** उत्तराखंड में रहने वाले कपल अगर लिव इन में रह रहे हैं तो उन्हें इसका रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. ) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )